शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 156 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 01 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई: मोदी

### पीएम मोदी ने भारतीय टीम से फोन पर की बात, सचिन ने कहा- जीत युवाओं को प्रेरणा देगी

**नई दिल्ली**

**पीएम मोदी** ने टीम इंडिया के कैप्टन रोहित, विराट और कोच राहुल द्रविड से बात की। इससे पहले 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद में वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में हार के बाद भी पीएम मोदी ने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में जाकर उनका हौसला बढ़ाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (30 जून) को भारतीय क्रिकेट टीम के प्लेयर्स से फोन पर बात की और पूरी टीम को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी। वहीं पहले टी-20 वर्ल्ड चैंपियन कप्तान एमएस धोनी समेत मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में साउथ अफ्रीका में पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक साल बाद पोस्ट किया और टीम इंडिया को बधाई दी और इस जीत को उनके जन्मदिन का गिफ्ट बताया। धोनी अगले महीने 7 जुलाई को 43 साल के हो जाएंगे।

**मोदी ने फोन पर पूरी टीम की तारीफ की**

मोदी ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी-20 करियर की सराहना की। पीएम मोदी ने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी तारीफ की। उन्होंने हार्दिक पंड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। मोदी ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया।

**हमें भारतीय टीम पर गर्व है**

चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ से ज्यादा भारतीय हमारे सभी क्रिकेटर्स के प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने मैदान में कप जीता है, और देश के हर गांवों और गलियों में करोड़ों भारतीयों का दिल जीता है।'

धोनी का इंस्टाग्राम पोस्ट: '2024 वर्ल्ड कप चैंपियन। मेरे दिल की धड़कन बढ़ी हुई थी। खुद में विश्वास बनाए रखा और वो किया जो करते आए हैं। सभी भारतीयों की ओर से वर्ल्ड कप वापस लाने के लिए शुक्रिया। बधाई हो। अरे हां इस अनमोल जन्मदिन के उपहार के लिए धन्यवाद।'

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पोस्ट**

'टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए टीम इंडिया को मेरी तरफ हार्दिक बधाई।

कभी हार न मानने वाले जज्बे के साथ, टीम ने मुश्किल परिस्थितियों से पार पाया और पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह एक असाधारण जीत थी। शाबाश, टीम इंडिया! हमें आप पर गर्व है।'





### टी20 वर्ल्ड कप में हमारा दूसरा सितारा: सचिन तेंदुलकर

**सचिन तेंदुलकर का पोस्ट:** 'इंडिया की जर्सी में शामिल हर सितारा हमारे देश के बच्चों को अपने सपनों के करीब एक कदम और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। भारत को चौथा कप मिला, टी20 वर्ल्ड कप में हमारा दूसरा सितारा। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन एक चक्र बन गया।'



**वीरेंद्र सहवाग का पोस्ट**

'क्रिकेट में भी कुछ-कुछ स्टॉक मार्केट जैसा ही होता है। स्टॉक लंबे समय तक एक दायरे में रहता है और फिर अचानक उस दायरे से बाहर निकल कर ऊपर चढ़ जाता है। वैसे ही भारतीय टीम सालों से एक रेंज में अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, पर कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाती थी।

## जडेजा ने भी लिया टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास



**नई दिल्ली**

**विराट** कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी। हालांकि, वह भारत के लिए अन्य प्रारूपों में खेलते रहेंगे। भारत ने शनिवार को बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप 2024 के खिताब पर कब्जा जमाया।

**जडेजा ने भी लिया संन्यास**

जडेजा ने लिखा, "पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं।

गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद।"

**टी20 विश्व कप 2024 में जडेजा का प्रदर्शन**

अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप 2024 में रवींद्र जडेजा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह गेंद और बल्ले से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे थे। मौजूदा टूनामेंट में उन्होंने कुल आठ मैच खेले और सिर्फ 35 रन बनाए। वहीं, उन्हें मात्र एक विकेट मिला।

## टीएमसी बंगाल की वित्तीय स्थिति पर श्वेत्र पत्र जारी करें: राज्यपाल

**कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के वित्तीय संकट पर ममता बनर्जी सरकार को आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने को कहा है। राज्यपाल ने शनिवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका यह बयान आया है। निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कई राजकोषीय जोखिमों और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के मुद्दों का सामना कर रही है। यह सरकार की गंभीर खामियों को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आर्थिक स्थिति गंभीर होने के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से मंत्रिपरिषद के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि सीतारमण के साथ बैठक के दौरान बोस ने मत्स्य पालन क्षेत्र पर निर्भर लोगों के लिए आर्थिक विकास कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने मंत्री को मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना सौंपी। इसके बाद ही राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर उनका बयान आया है।

## राजा भोज एयरपोर्ट अथॉरिटी को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल

**भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित राजा भोज एयरपोर्ट लगातार विदेशी ताकतों के निशाने पर है, एक बार फिर इसे बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि इससे पहले भी तीन बार पिछले छह माह में इस तरह के मेल एयरपोर्ट अथॉरिटी के ई-मेल पर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने को लेकर भेजे गए हैं। ऐसे में बॉम्ब थ्रेट को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पहले से कहीं अधिक सतर्क मोड में नजर आ रही हैं। फिलहाल, इस मामले में भी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें आर्मी चीफ का संभाला कार्यभार

### देश के 30वें सेना प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी

**नई दिल्ली**

देश के 30वें सेना प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने चार दशकों से अधिक राष्ट्र सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से कार्यभार संभाला। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है। साथ ही तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और भी स्पष्ट होती जा रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 1 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बनाए गए थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं।



## पीएम मोदी की मन की बात: मां के नाम पर पेड़ लगाएं

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पेरिस ओलंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनायें दी। तीन महीने के अंतरराल के बाद मन की बात के 111वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में मेडल के साथ-साथ लोगों का दिल भी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक खेलों में अपने प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने हर भारतीय का दिल जीत लिया। इसके बाद से ही खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारियां कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल इस बार अधिक खेलों में भाग ले रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने लोगों से चीयर4भारत हैशटेग पर अपनी शुभकामनायें भेजने के लिए कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन महीने के लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपनी अटूट आस्था दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही चुनाव आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने 30 जून को आदिवासी समुदाय के त्योहार 'हुल दिवस' के बारे में बात की और कहा कि यह दिन वीर सिद्धु-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है। वीर सिद्धो कान्हू ने हजारों संथालियों को एकजुट कर 1855 में अंग्रेजों का मुकाबाला किया था। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू हुए विशेष अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि लोग और #एकपेड़मांकेनाम के साथ अपनी तस्वीरें साझा करके दूसरों को प्रेरित कर रहे हैं।



## राजस्थान में 65 लाख किसानों को मिले एक-एक हजार रुपए: सीएम




**टोंक**

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। योजना की पहली किश्त एक- एक हजार रुपये किसानों के खाते में ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने करीब 650 करोड़ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इससे राज्य के 65 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इस योजना में किसानों को कुल 2000 रुपए मिलेंगे। दूसरी और तीसरी किश्त 500-500 रुपए की होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछली गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने युवाओं के सपनों को चकनाचूर किया है, उन्हें हमारी सरकार छोड़ने वाली नहीं है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद किरोड़ीलाल पहली बार सरकार के किसी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो राजस्थान समृद्ध होगा। राजस्थान समृद्ध होगा तो हमारा देश समृद्ध होगा। यह मन में दर्द था कि हमारे पास जमीन है, लेकिन पानी नहीं है। राजस्थान के लिए सबसे पहला जो काम हमने किया, वो है पानी की व्यवस्था। ईआरसीपी पर काम किया। 21 जिलों को ईआरसीपी की आवश्यकता है। आपसे वादा है ईआरसीपी आएगी, 21 जिलों के गांवों में पानी जरूर आएगा। किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था, वो भी पूरा किया है। किसान जब किसान के घर जाता है, रिश्तेदारी में जाता है तो अक्सर एक-दूसरे से पूछते हैं कि फसल कैसी है। दूध-पानी है कि नहीं? आने वाले समय में किसान के लिए और भी अच्छी-अच्छी योजनाएं आने वाली हैं।

## देश के 80 फीसदी अस्पतालों में हालात बदतर

**नई दिल्ली**

**देश में** दिन ब दिन सरकारी अस्पतालों की हालत खराब होती जा रही है। सरकार की तरफ से अस्पताल को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 80% सरकारी अस्पतालों ऐसे हैं, जिनमें बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। जिला अस्पतालों, उप-जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर (तत्कालीन उप स्वास्थ्य केंद्रों) सहित दो लाख से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, जो सरकार की एक प्रमुख योजना एनएचएम के अंतर्गत आती हैं। बता दें कि के तहत आने वाले 2 लाख से ज्यादा अस्पतालों में से केवल 40,451 अस्पतालों ने ही सरकार को अपनी जानकारी दी है। 8,089 अस्पतालों में ही हैं बुनियादी सुविधाएं



जब साझा किए गए डाटा के आधार पर स्कोरिंग की गई,तब 40,451 अस्पतालों में से केवल 8,089 अस्पताल ही ऐसे थे जो क्ष्ठल्र के मानकों पर खरे उतरे। सरकार ने यह सारी जानकारी डैशबोर्ड पर सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, केवल 8,089 अस्पतालों में ही मरीजों के इलाज के लिए जरूरी सुविधाएं हैं। इन अस्पतालों में ही डॉक्टर, नर्स, दवाएं जैसे उपकरण मौजूद है।

## एमवीए साथ मिलकर लड़ेगा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: पवार

**मुंबई**

महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव हैं। इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में भी शामिल हैं। रविवार (30 जून) को एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस, शिवसेना और उनकी पार्टी मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। वहीं, महाराष्ट्र में एनडीए की महायुति वाली सरकार के 2 साल पूरे होने पर राज्य के सीएम एकनाथ शिंदे पोस्ट शेयर कर खुशी जाहिर की।

## सहकारी बैंको पैक्स को मजबूत करने की दिशा में सहयोग करें: शाह

### केन्द्रीय मंत्री ने खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक नडियाद की वार्षिक बैठक को किया संबोधित, 18.70 करोड़ रुपये से तैयार खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक के नए भवन का किया लोकार्पण

**नडियाद**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 20 अलग-अलग पहल कर पैक्स को मजबूत करने का काम शुरू किया है और जिला सहकारी बैंकों को भी इस काम में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैक्स जितने मजबूत होंगे, उतने ही सहकारी बैंक मजबूत होंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक लिमिटेड, नडियाद की 76वीं वार्षिक बैठक (एजीएम) को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 18 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने बैंक के नए भवन (सरदार पटेल सहकार भवन) का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) के अध्यक्ष और गुजरात के सहकारिता मंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस मौके पर शाह ने कहा कि खेड़ा जिले से ही देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में अमूल की शुरूआत हुई थी। अमूल ने पूरे देश और विश्व के सामने सहकारिता से समृद्धि प्राप्त करने का उदाहरण पेश किया है। शाह ने कहा कि कुछ समय पहले तक खेड़ा जिला सहकारी बैंक बंद होने की चर्चा हो रही थी, लेकिन आज इस बैंक ने 36,000 स्क्वेयर फीट का अपना भवन निर्माण किया है और सारे ई-बैंकिंग नियमों की कल्पनाओं को साकार किया है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकार से समृद्धि और समृद्धि से सम्पूर्णता का सूत्र दिया है। उन्होंने कहा कि इसी के तहत प्रधानमंत्री ने आजादी के 75 साल बाद पहली बार केन्द्र सरकार में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की। शाह ने कहा कि यह शुरूआत आने वाले दिनों में सहकारिता क्षेत्र को कम से कम 100 साल की आयु देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल सहकार भवन का ई-लोकार्पण हुआ है। यह करीब 18 करोड़ 70 लाख के खर्च से बनी चार मंजिला, आधुनिक, सेन्ट्रली एयर कंडीशंड इमारत है। उन्होंने कहा कि यह इमारत खेड़ा जिले के किसानों और निवासियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। शाह ने कहा कि खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक लिमिटेड ने अपनी 76वीं एनुअल जनरल मीटिंग में गुजरात की सहकारी बैंकिंग व्यवस्था में पहली बार लोन मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम और टेबलेट बैंकिंग की शुरूआत की है, जो एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।



# चौड़ीकरण की जद में आए सैकड़ों मकानों पर जल्द चलेगा बुलडोजर , नोटिस जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ को देखते हुए शहर की 41 सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले अधिकतर मकानों को गिरा दिया गया है। कुछ सड़कों का काम भी पूरा हो गया है। अब करीब दो सौ मकान रह गए हैं। इन मकानों को गिराने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से पूर्व में ही नोटिस जारी कर दिए गए हैं। कई लोगों ने खुद से मकान गिराने के लिए समय मांगा था। पीडीए के जोनल अधिकारी ने बताया कि सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेज कर दिया गया है। अगले कुछ महीनों इसे पूरा करना है। इसलिए चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले मकानों को जल्द से जल्द ढहाया जाएगा। अगर लोग खुद से



नहीं गिराएंगे तो जेसीबी से गिराया जाएगा। साथ ही उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगी।

**बुलडोजर की कार्रवाई ने पकड़ी तेजी :** महाकुंभ के मद्देनजर सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य तेजी पर चल रहा है। शहर के चारों तरफ मकानों को तोड़कर सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। इसके लिए, भवन मालिकों को पहले से ही नोटिस जारी किया जा चुका है। लोकसभा चुनाव नजदीक आने पर बुलडोजर की रफ्तार धीमी हो गई थी। चुनाव बीतने के बाद बुलडोजर ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। शहर विभिन्न सड़कों को चौड़ी करने के साथ ही नैनी, झूंसी में बुलडोजर गरज रहा है।नोटिस मिलने के बाद भवन मालिक स्वयं मकान को तोड़वाकर उसकी मरम्मत करा रहे हैं। अगर पीडीए मकान तोड़ रहा है तो उसका बुलडोजर चिन्हत स्थान तक तो भवन तोड़ता ही है शेष भवन भी हिल जाता है जिसमें रहना खतरे से खाली नहीं रहता। इसलिए नोटिस मिलने के बाद लोग स्वयं ही तोड़वा रहे हैं। महाकुंभ के पहले ही सड़कों को दुरुस्त करने का समय निर्धारित किया गया है। समय सीमा में कार्य करने के लिए तेजी से चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। चौड़ीकरण की जद में आने वाले गृहस्वामी खासे परेशान हैं। मकान को तोड़वाने और उसकी मरम्मत कराने में लाखों रुपये खर्च आ रहा है। जिससे उनका पूरा बजट गड़बड़ हो जा रहा है।

## शंकरगढ़ के कोहडिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से छात्र की मौत

**प्रयागराज।** विकास खंड के कोहडिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से छात्र की मौके पर मौत हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विकास खंड के कोहड़िया जमुहरा भाट गांव निवासी विमलेश आदिवासी का पुत्र अन्नू आदिवासी 8 वर्ष अपने दोस्तो के साथ घर के पास खेत में खेल रहा था। उसी समय तेज कड़क के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिर जाने से अन्नू उसकी चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । साथ में खेल रहे दोनों दोस्त बाल बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया ।अचानक हुए इस दर्दनाक हादसे से परिवार में कोहराम मचा रहा। अन्नू दो भाइयों में सबसे बड़ा था। छोटा भाई तीन वर्ष का है। अन्नू प्राथमिक विद्यालय जमुहरा भाट में कक्षा चार में पढ़ता था। उसकी मौत से मां का रो रो कर बुरा हाल है।

# सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड में अंडर वर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव समेत दस आरोपी तलब

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला अदालत ने सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के चर्चित अपहरण कांड में फैसला सुनाने के लिए अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव समेत 10 आरोपियों को दो जुलाई को तलब किया है। डॉन बबलू श्रीवास्तव मौजूदा समय बरेली जेल में है। अदालत ने उसे पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था में बरेली जेल से यहां कोर्ट के समक्ष पेश करने का आदेश दिया है।यह आदेश जिला न्यायालय गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने दिया है। आदेश के अनुपालन में जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। बहुचर्चित अपहरणकांड की सुनवाई जिला न्यायालय इलाहाबाद में गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया



की अदालत कर रही है। 30 सितंबर 2023 को अभियोजन की गवाही पूरी हुई थी।अभियोजन की ओर से 21 गवाहों को पेश किया गया था। इसके बाद 16 अक्तूबर 2023 को बबलू श्रीवास्तव बरेली सेंट्रल जेल से अदालत में पेश होने के लिए पहली बार प्रयागराज लाया गया था। अदालत में पेश माफिया समेत 10 सह अभियुक्तों ने 313 सीआरपीसी का बयान दर्ज करवाया था। अपने बयान में बबलू श्रीवास्तव समेत सभी मुल्जिमों ने खुद को बेगुनाह बताया था।

**यह है घटनाक्रम :**

2015 में पांच सितंबर की रात दुकान बंद करके कार से घर जाते समय सराफा को अगवा किया गया था। पंकज महिंद्रा की कार संगम स्थित बंधवा में लेटे हनुमान मंदिर के पास छोड़ दी थी। फिरौती के रूप में 10 करोड़ मांगे गए थे। बाद में पुलिस ने फतेहपुर के एक फॉर्म हाउस में रात को छापामारा तो सराफा कारोबारी पंकज वहां बंधे पड़े मिले थे। पुलिस ने मौके से माफिया के भांजे विकल्प श्रीवास्तव उर्फ गोलू, गोरखपुर निवासी महेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव उर्फ सचिता, बरेठी थाना थरवई निवासी चंद्रमोहन उर्फ बब्लू यादव को गिरफ्तार किया था। इनके पास से नौ एमएम व 32 बोर की दो पिस्टल, 315 बोर का तमंचा, आल्टो कार, लैपटॉप, मोबाइल, फर्जी सिमकार्ड बरामद हुए थे।





# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वीरांगना ऊदा देवी पासी जयंती

**सोरांव।** पासी समाज विवाह कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में अमर शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी का जयंती समारोह आज वैशाली गेस्ट हाउस फाफामऊ प्रयागराज में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उपस्थित वक्ताओं द्वारा वीरांगना ऊदा देवी पासी के जीवन पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात इस शुभ अवसर पर समाज के सेवानिवृत्ति लगभग 40 अधिकारी /कर्मचारियों का स्वागत एवं सम्मान माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र देकर संस्था का स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया। इसके साथ ही संगठन का विस्तार भी किया गया। जिसमें आर.पी. कैथल को मंडल अध्यक्ष प्रभारी प्रयागराज व नीरज कुमार पासी को मंडल महासचिव प्रभारी प्रयागराज, संवेदना देवी प्रचार मंत्री महिला प्रकोष्ठ, विद्यासागर ब्लॉक प्रभारी चाका बनाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर ब्रह्मदेव सेवानिवृत्ति निदेशक उच्च शिक्षा, वाचस्पति विधायक बारा, राजेश कुमार एडवोकेट( मीडिया प्रभारी बार एसोसिएशन सोरांव), वंशराज सेवानिवृत अपर जिला जज, बंशीधर सरोज सेवानिवृत्ति सीडीओ, इंजीनियर प्रेम शंकर , अमित शास्त्री असिस्टेंट कमिश्नर, माता फेर पूर्व अपर आयुक्त, रमाशंकर भारती सेवानिवृत्त उपनिदेशक, राम अभिलाष सरोज प्रांतीय महामंत्री, हरिश्चंद्र सरोज, राम कृपाल सरोज कार्यकारिणी सदस्य, राम सुमेर आर्य,सूर्य वली पासी ,नटवरलाल भारती ,डॉक्टर संध्या पटेल, डॉ० सुभाष चंद्र, मनोज इलाहाबादी, जलाल सरोज,रमेश चंद्र , रामप्रताप,आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल कश्यप एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष विनय प्रकाश ने किया।

# भाजपा कार्यकताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात का प्रसारण, पौधरोपण का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत मन की बात का पहला कार्यक्रम( अब तक का 111वा एपिसोड) महानगर के सभी 1216 बूथों पर सुना गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं व आम लोगों ने उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के डायरेक्टर उपेंद्र सिंह के घर पर पीएम मोदी के मन की बात सुनी। महानगर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों( उत्तरी, पश्चिमी एवं दक्षिणी) के सभी 15 मंडलों में बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई । शिवकुटी, विश्विद्यालय, चौक, खुल्दाबाद, सिविल लाइन सहित सभी मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में अपनी भागीदारी



सुनिश्चित की। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश गोंड, अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष नवाब खान, पिछड़ा मोर्चा महानगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रोहित पांडेय एवम विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात को सुना।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा की पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का भी जिक्र किया और जीवन में वृक्ष तथा पर्यावरण का क्या महत्व है इसके बारे में बताया। अतः महानगर के कार्यकताओं पदाधिकारियों से अपील है की 6 जुलाई तक चलने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसके अलावा पीएम मोदी ने कई ऐसी प्रेरणादायक बातें की जिनसे सभी देशवासी कुछ न कुछ अवश्य सीख सकते हैं।इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, उपेंद्र सिंह, महामंत्री देवेश सिंह, वरुण केसरवानी, शिवा त्रिपाठी, राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र, भोला सिंह, संजय श्रीवास्तव, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, आनंद दुबे, अविनाश दुबे, मनोज कुशवाहा, संजय सिंह, राजेश गोंड, नवाब खान, मनु चावला, आनंद जयसवाल, रोहित जायसवाल, नटवर लाल भारती, अजय हेला, कृतज्ञ त्रिपाठी, हरीश मिश्रा, धीरेंद्र ओझा, कुलदीप मिश्रा, दीप द्विवेदी, मो शरीफ, बिलाल अहमद, अवनीश तिवारी, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन पर रेल नीर की जगह बिक रहा बेतवा नीर

**अवैध वेंडर नियमों की उड़ा रहे हैं धज्जियां**

**नैनी।** नैनी छिवकी स्टेशन पर यात्रियों के लिए बिकने वाले पानी में भी वेंडर रेलवे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्टेशन पर पानी बेचने वाले वेंडर रेल नीर के बजाय बेतवा नीर बेच रहे है। अवैध वेंडरों के इस कारनामे से रेलवे को काफी नुकसान पहुंच रहा है। उत्तर मध्य जोन



के अंतर्गत आने वाला छिवकी स्टेशन से हजारों यात्री प्रतिदिन अपनी रेल यात्रा करते हैं। महत्वपूर्ण स्टेशनों में शुमार छिवकी स्टेशन पर इन दिनों अवैध वेंडर धड़ल्ले से नियम के विपरीत पानी और खाने पीने की चीजें बेचते हुए देखे जा सकते हैं। महकमा भी इनकी कारगुजारियों के प्रति अनजान बना हुआ है। दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेन के मुसाफिर इन वेंडरों का आसान शिकार बन रहे है। नियम के मुताबिक स्टेशन पर चीजों की बिक्री लाइसेंस के अधीन नियमो के अंतर्गत होनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार छिवकी स्टेशन पर वेंडरों का पूरा सिंडिकेट कार्य कर रहा है। जिसमे आरपीएफ के लोग भी शामिल हैं। जिससे ये वेंडर बेखौफ हो कर हर प्लेटफार्म पर कब्जा जमाए हुए है। दिखावे के लिए चलाया जाता है अभियान आरपीएफ की ओर से अवैध वेंडरों की धर पकड़ के लिए अभियान भी चलाया जाता है। लेकिन वह सिर्फ दिखावे के लिए होता है। ठेकेदारों के पहुंचने पर साठ गांठ से बाद उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया जाता है। जिसके बाद वह फिर से अपने काम में मशगूल हो जाते है।

### मरखामऊ में जल निकासी की व्यवस्था न होने से जल भराव, लोग परेशान

**मऊआइमा ।**मऊआइमा विकास खंड के मरखामऊ गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात से सड़क जलमग्न हो चुकी है। लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मऊआइमा के मरखामऊ गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से दलित बस्ती की सड़क पर जल भराव होने से लोगों के घरों में पानी घुस गया। जिससे दोपहिया वाहन सहित पैदल चलने वाले लोगों को आने जानें में खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है । इंजन लगाकर पानी बाहर निकाला गया।



### सहसों में सुनी गई पीएम की मन की बात

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा मंडल सहसों में शक्ति केंद्र सहसों के बूथ संख्या 189 पर रविवार को जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा



गंगापार राजधर द्विवेदी के अध्यक्षता में अशोक कुमार केसरवानी के आवास पर देश के लगातार तीसरी बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 111वीं एपिसोड में मन की बात को लोगों ने बहुत ही ध्यान से सुना और उनके द्वारा देश के विकास में किए गए कार्यों को प्रसन्नता के साथ सराहा। इस अवसर पर पीएम की मन की बात को सहसों बाजार के व्यापारी, नवयुवक, प्रतियोगी छात्र एवं मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज, शिव बाबू केसरवानी, सुमित साहू , महेश सिंह, रंजन तिवारी, कन्हैया केसरवानी, सूरज, पिंटू केसरवानी, प्रमोद केसरवानी, प्रदीप केसरवानी, शिवा केसरवानी, राजा केसरवानी, मनोज तिवारी सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता मन की बात को सुनते मौजूद रहे।

### पर्यावरण की संबृद्धि के लिए मां के नाम लगाएं पेड़ - योगेश शुक्ल

**कार्यकताओं संग सुनी पीएम के मन की बात का एपीसोड**



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने रविवार को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहला व 111वे मन की बात एपिसोड को मेजा विधान सभा के मांडा मंडल के गिरध्रपुर बूथ पर कार्यकताओं संग बैठकर सुना। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला एपिसोड देशवासियों के लिए बहुत ही सुखद रहा। श्री शुक्ल ने प्रयगवासियो से अपील किया है कि पर्यावरण की समृद्धि के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान को अपनाए तथा जुलाई और अगस्त के महीने मे कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं। इस अवसर पर सिया राम पांडेय, अमर नाथ पांडेय, मन मोहन पांडेय, जय प्रकाश बिंद, अनिल कुमार , संजय कुमार,राजेंद्र प्रसाद,राकेश शुक्ल,नितिन , सत्यम , शिवम, दिनेश चंद, अभिषेक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हर जरूरतमंद को मिले लाभ : महबूब बेग

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री जल कल्याण योजना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महबूब बेग से एफटीआर फाउंडेशन के अध्यक्ष व पैनग्रीन कॉरपोरेशन इंडिया कंपनी के सीएमडी नूर खान से खास मुलाकात के दौरान हुई जनकल्याण योजना को जन जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा हुई। नप्रयागराज में प्रधानमंत्री जल कल्याण योजना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महबूब बेग प्रयागराज में आए तो इस मौके पर उन्होंने तमाम संबंधित पदाधिकारी और अधिकारियों से मुलाकात कर जनकल्याण योजना के बारे में बैठककर चर्चा की। इसी दौरान उनकी करेली में एफटीआर फाउंडेशन के अध्यक्ष व पैनग्रीन कॉरपोरेशन इंडिया कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नूर खान से जनकल्याण योजना को जन-जन तक पहुंचने को लेकर खास मुलाकात हुई। इस मौके पर नूर खान ने महबूब बेग से कहा कि जनकल्याण योजना का मिशन बहुत ही खूब और बेहतर है। मगर कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से आम जनमानस तक सही तरीके से लाभकारियों को लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए एक बेहतर योजना बनाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की तमाम सरकारी योजनाएं जो गरीबों के लिए होती हैं। वह गरीबों तक वास्तव में पहुंचे और बीच में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार न हो। इसके लिए आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक यह बात पहुंचाएं कि सामाजिक संस्थाओं को भी यह जिम्मेदारी दें और अपने साथ जोड़कर चले की कोई भी योजना यदि किसी गरीब को नहीं मिलती है और वह उस योजना का पात्र है। तो वह संस्था उसे उस योजना का लाभ दिलवाने में उसकी मदद कर सके। क्योंकि



ज्यादातर गरीब बड़े अधिकारियों तक अपनी बात नहीं पहुंचा पाते और जिसके कारण नीचे नीचे सारे भ्रष्टाचारी लोग मिलकर आपस में साठ गांठ करके अपात्र लोगों को मोटी रकम लेकर योजना का लाभ दे देते हैं और सही में जो पात्र होते हैं उन्हें लाभ नहीं पहुंच पाता सरकार को इसके लिए सामाजिक संगठनों से संपर्क कर उन्हें जिम्मेदारी देनी होगी। इसके बाद महबूब बेग ने कहा कि एक अच्छा विकल्प आपने रखा है। इसे प्रधानमंत्री जी तक जरूर पहुंचा जाएगा और इस मिशन को लेकर हम लोग लगातार देश भर में भ्रमण कर रहे हैं और इस मिशन का उद्देश्य रोजगार जन-जन तक पहुंचाना है। जिसके लिए एक बड़ी टीम हमारे साथ काम कर रही है। मौके पर समाजसेवी इरफान अहमद सिद्दीकी ने कहा कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह भी लगातार प्रयासरत हैं और इस खास योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महबूब बेग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।



# बारा विधायक डा. वाचस्पति ने लगाई जन चौपाल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र स्थित जोकनई के मौजा रौंहा में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बारा विधायक डा. वाचस्पति ने जन चौपाल की यह जन चौपाल राममणि शुक्ल के नेतृत्व में किया गया जिसमें बिजली विभाग, जल विभाग, विकास विभाग स्वास्थ विभाग, प्रशासन के आलाधिकारी मौजूद रहे और ग्रामीणों से बारा विधायक डा. वाचस्पति ने मिलकर हर समस्या को निराकरण हेतु आदेश दिए! विधायक डा. वाचस्पति ने यह भी कहा की ग्रामीणों की हर संभव मदद करना हमारा कर्तव्य है और हम करते रहेंगे कार्यक्रम के आयोजक राममणि शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ और जिनकी भी समस्या रही तत्काल विधायक जी के द्वारा निस्तारण किया गया और संबंधित को दिशा निर्देश भी दिया गया! वहीं संचालन कर रहे प्रदीप द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीणों की जो भी समस्या रही तत्काल समाधान किया गया और हर विभाग से आए आलाधिकारियों को विधायक जी के द्वारा समस्या का निस्तारण हेतु आदेश भी दिया गया इस कार्यक्रम में चंचल द्विवेदी, तेज प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, कुलदीप पांडेय, हरीशरन सिंह, प्रदीप दुबे, अनिल पांडेय विनय मिश्रा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, संकथा प्रसाद शुक्ल, बब्बू निसाद, पिंटू तिवारी, जगतपाल, अशोक कुमार सिंह एसडीओसी प्रभारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# कुशल कांत मिश्रा बने यूपी वॉलीबाल इकाई प्रयागराज के जिला प्रभारी मिल रही बधाई

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के हुल्का ऊचडीह गांव निवासी कुशल कांत मिश्रा को वॉलीबाल खेल में प्रयागराज जिला का प्रभारी मनोनीत किया गया है। उक्त आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण वॉलीबाल एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव उमाकांत तिवारी ने दी है। उल्लेखनीय है कि गत माह एसोसिएशन की बैठक में कुशल कांत मिश्रा को प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश ग्रामीण वॉलीबाल एसोसिएशन की संबद्ध जनपद इकाई प्रयागराज का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। कुशल कांत मिश्रा को जिला प्रभारी बनाए जाने पर प्रयागराज के खिलाड़ी व खेल प्रेमियों ने बधाइयां भेजकर उनका उत्साहवर्धन किया है तथा खुशियां जाहिर करते हुए अपेक्षा की है कि अब प्रयागराज जनपद वॉलीबाल खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा तथा यहां के



खिलाड़ी पुनः देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। बधाइयां देने वालों में बालसखा एडवोकेट, राकेश भास्कर, गणेश शंकर गिरी, बाबा शुक्ला, रविशंकर, राम सनेही शुक्ला, शंकर लाल पटेल, राम छबीले मिश्रा, जितेंद्र यादव, योगेंद्र पटेल, आकाश भारतीया, बागीश द्विवेदी, सुधाकर शुक्ला, विनोद कुमार, आशीष यादव, भोलानाथ शुक्ला, ओम प्रकाश दुबे, कुँवर बहादुर सिंह, संजय पटेल, मो.यूनुस अंसारी, टी.एन.सिंह, आजम खां, सूरज यादव, हिमांशु विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

## कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वीके शुक्ल पंचतत्व में विलीन , रसूलाबाद घाट पर बेटे ने दी मुखाग्नि

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश रहे न्यायमूर्ति वी के शुक्ला का अंतिम संस्कार आज रसूलाबाद घाट पर संपन्न हुआ। पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।उनके बेटे अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला ने मुखाग्नि दी। जस्टिस शुक्ला का 29जून को नई दिल्ली में निधन हो गया था। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर प्रयागराज निज निवास पर लाया गया था। आवास पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भंसाली सहित भारी संख्या में न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। घाट पर अंतिम विदाई देने वालों में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट, न्यायमूर्ति वी सी दीक्षित, न्यायमूर्ति गौतम चौधरी, न्यायमूर्ति समित गोपाल, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव, आदि न्यायाधीश उपस्थित रहे।

# घर में घुस कर मार पीट,तोड़ फोड़ टीन सेट तोडने का मुकदमा दर्ज

## मऊआइमा इलाके के परमानन्दपुर खजुरहा में हुई घटना चौबीस नामजद

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के परमानंद पुर खजुरहा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर परिजनों को मारा पीटा गया तथा टीन का सेट तोड कर मडहा में आग लगा दी गई। सारी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने दो दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के परमानन्दपुर खजुरहा गांव निवासी योगेश कुमार पुत्र सूर्य प्रकाश का आरोप है कि 25 फरवरी की हुई घटना को पुनरावृत्ति करते हुए उसके विपक्षी टीन का सेट तोड डाले और मडहा में आग लगा दिए। विरोध पर घर में घुस कर परिजनों को मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिए। जिससे उनका एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। योगेश कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर रणजीत पटेल, बृजेश कुमार, कृष्ण मणी,रवि पटेल, जीतेन्द्र पटेल,चन्दमणि पटेल,नीलम, मनोज कुमार, उमेश कुमार, सुशीला, वीरेंद्र कुमार, मंजीत पटेल, अरविन्द कुमार, अतुल, राजेश पटेल, मोहित कुमार,ह्देश कुमार,रोली, दिनेश कुमार, सूर्य मणी, मालती देवी, प्रमोद कुमार, प्रभावती देवी, तथा छह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।





# घंटे भर की बारिश में झूंसी की सड़के बनी ताल तलैया

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** भारी उमस व गर्मी झेल रहे लोगो के साथ साथ पशु, पक्षियों के लिए भी रविवार की दोपहर बाद हुई घंटे भर की मूसलाधार बारिश से राहत मिल गई साथ ही नगर निगम के नाला सफाई की भी पोल खुल गई। बारिश में झूंसी की सड़के ताल तलैया बन गई। रविवार को दोपहर बाद तेज हवा के साथ आये बादल झूम के बरसे शास्त्री पुल से त्रिवेणीपुरम तक पानी निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर एक फीट तक पानी भर गया जिसकी वजह से राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। कालोनियों में सीवर का दूषित पानी लोगो के घरों में भर गया। सब से अधिक मुशीबत पुरानी जीटी रोड व नई झूंसी से पुरानी झूंसी जाने वाली सड़क के किनारे रहने वाले लोगों को हुई यहां पर सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण का काम चल रहा है कार्य अधूरा होने की वजह से सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे है। झमाझम बारिश की वजह से घुटने तक दूषित पानी भर गया यहां से गुजरने वाले कई लोगों की बाइक बंद हो गई तो कई लोग गड्ढे में फंसकर छोटहिल भी हुए। स्थानी लोगों की माने तो कुछ स्थानों पर नाला सफाई के बाद सिल्ट सड़क किनारे रख दी गई थी तेज बारिश की वजह से सिल्ट फिर से नाले में भर गई।

## संगम से लेकर आधे शहर तक जमकर बारिश, सिविल लाइंस में उड़ती रही धूल

**प्रयागराज।** संगम समेत आधे शहर में रविवार की शाम को जमकर बारिश हुई। झूंसी, संगम, परेड क्षेत्र, अलोपीबाग, रामबाग, कीडगंज, बलुआ घाट, नखास कोहना, दारागंज, छोटा बघाड़ा, अल्लापुर इलाके में शाम करीब चार बजे जमकर बारिश हुई। इससे सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया।कई दिनों की गर्मी और उमस के बाद हुई बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है और मौसम भी खुशनुमा हो गया। मौसम विभाग की ओर से रविवार से बारिश का पूवार्नुमान लगाया गया था। दिन भर लुकाछिपी के खेल खेल रहे बादलों ने आधे शहर को तर बतर कर दिया। सिविल लाइंस, मेडिकल चौराहा, बालसन, एलनगंज, राजापुर, राजरूपपुर, धूमनगंज, सुलेमसराय, अशोक नगर आदि इलाकों में बारिश नहीं हुई।

# डॉक्टर के बेटे ने नीट में आवेदन से पहले ही सॉल्वर से कर ली थी सेटिंग, एडवांस में दिए थे रुपये

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नीट में अपनी जगह पर सॉल्वर बैठाकर धांधली करने वाले नैनी स्थित अस्पताल संचालक के बेटे के बारे में एक अहम खुलासा हुआ है। पता चला है कि उसने आवेदन से पहले ही सॉल्वर से सेटिंग कर ली थी। उससे लेनदेन की बात कर ली थी और रुपये भी दे दिए थे। यह खुलासा खुद सॉल्वर ने केंद्र प्रबंधन के समक्ष दिए बयान में किया है।सूत्रों के मुताबिक, परीक्षा खत्म होने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर में मिठनपुरा थाना स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल केंद्र में सॉल्वर हुकमा राम से विस्तृत पूछताछ की गई। केंद्र प्रबंधन के साथ ही नीट पर्यवेक्षक व अन्य अफसरों ने भी उससे पूछताछ की। इस दौरान उसने चौंकाने वाले खुलासे किए। पहले उसने बताया कि वह रुपयों के लालच में राज की जगह परीक्षा में बैठने को तैयार हुआ।इसके बाद यह भी खुलासा किया राज ने उससे आवेदन से पहले ही सेटिंग कर ली थी। रजिस्ट्रेशन के समय वह उससे मिला और परीक्षा में अपनी जगह बतौर सॉल्वर बैठने के लिए बातचीत शुरू कर दी। आवेदन में ही उसने अपनी जगह उसकी फोटो लगाई। इसके लिए एक लाख रुपये भी दिए थे।रिजल्ट के बाद देनी थी बाकी रकम सॉल्वर ने यह भी खुलासा किया कुल चार लाख रुपये की डील हुई थी। इसमें से एक लाख एडवांस मिले थे। जबकि शेष तीन लाख रुपये रिजल्ट आने के बाद देने की बात तय हुई थी। यही नहीं परीक्षा देने के लिए केंद्र तक आने-जाने का खर्च भी उसे राज ने ही दिया था। सॉल्वर ने यह भी बताया था कि उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इसीलिए वह रुपये लेकर परीक्षा में बतौर सॉल्वर बैठने को तैयार हो गया था।

## न्यूज झरोखा

### सेल्फी ले रहा किशोर नदी में डूबा गोताखोर खोजबीन में जुटे, पांच दोस्तों के साथ गया था नहाने



**प्रयागराज।** प्रयागराज के दुमदुमा गंगाघाट पर सेल्फी लेने के दौरान किशोर गंगा में डूब गया। मौके पर हंडिया पुलिस पहुंची गई है। स्थानीय लोगों की मदद से युवक की खोजबीन में जुटी है। **सेल्फी लेने के दौरान हुआ हादसा** : मामला उतराव थाना क्षेत्र का नौबाजार गांव का है। मो. कैफ (16) अपने दोस्तों के साथ गंगा में नहाने के लिए उतर गए। नहाने के दौरान सभी सेल्फी ले रहे थे। तभी कैफ गहरे पानी में चला गया। नहा रहे युवक तैरना नहीं जानते थे। दोस्त को डूबता देख चाहकर भी उसे नहीं बचा सके। **इलेक्ट्रिशियन का काम करता था किशोर** : सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोर की मदद से युवक की खोजबीन में जुटी है। किशोर की मां रुकैया बेगम और परिजनों का रोकर बुरा हाल है। युवक पढ़ाई के बाद इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।

### मऊआइमा के उमैर जलाल को महाराष्ट्र के भिवंडी का सपा प्रभारी मनोनीत किये जाने पर लोगो मे हर्ष



उमैर जलाल

**मऊआइमा।** मऊआइमा के समाजसेवी उमैर जलाल को महाराष्ट्र के भिवंडी विधान सभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उमैर जलाल को बधाई दी है।बता दें कि महाराष्ट्र के भिवंडी में मऊआइमा, सोरांव , प्रतापगढ़ आदि क्षेत्रों से बडी संख्या में लोग भिवंडी में रोजी रोटी के सिलसिले में रहते हैं। उमैर जलाल को विधानसभा प्रभारी मनोनीत किए जाने पर सपा के वरिष्ठ नेता मेराज आरिफ, नूरुद्दीन सैफी, चेयरमैन हाजी मो शोएब अंसारी, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अनस, राशिद लतीफ,रईस, इरशाद, नावेद, जाहिद,सरवर हुसैन,रुखसार, शकील फारूकी आदि ने बधाई दी है।

### प्रयागराज में एनआईए ने मारा छापा, ग्राम प्रधान से आठ घंटे तक पूछताछ

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) की टीम ने रविवार को लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के ग्राम प्रधान से कई घंटे तक पूछताछ की। इस कार्रवाई से इलाके में खलबली मची रही। मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सुधीर कुमार त्रिपाठी उर्फ विराट वर्तमान समय में ग्राम प्रधान हैं।रविवार को उनसे एनआईए की टीम ने तकरीबन आठ घंटे तक पूछताछ की। टीम भोर में लालापुर पहुंची। इसके बाद प्रधान को थाने पर बुलाकर उनसे गहन पूछताछ की। पूछताछ किस मामले में हुई है इस संबंध में पुलिस अधिकारी कोई जानकारी होने की बात से इनकार कर रहे हैं।

# बच्चा होने के चार साल बाद युवक पर दर्ज कराया दुष्कर्म का मुकदमा

## पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल परिसर में चार साल पहले हुई दुष्कर्म की घटना के मामले में आरोपी शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। खास बात यह है कि दुष्कर्म पीड़िता युवती ने एक बच्चे को भी जन्म दिया और काफी दिनों तक आरोपी उसके साथ रहा भी। बाद में उसने शादी करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने केस दर्ज कराया। पिछले दिनों एक युवती ने छत्तीसगढ़ में गोरखपुर के कैंपियरगंज निवासी दीपक चौहान के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में छत्तीसगढ़ पुलिस ने पाया कि घटनास्थल प्रयागराज है, ऐसे में विवेचना प्रयागराज ट्रांसफर कर दी गई। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पीड़िता का बयान दर्ज किया। इसमें उसने बताया कि चार साल पहले वह आरोपी के साथ एसआरएन अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में साथ मजदूरी करती थी। इसी दौरान दीपक ने उससे करीबी बढ़ाई और फिर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।इसके बाद दोनों साथ-साथ काम करते रहे और अलग-अलग कई शहरों से होते हुए नेपाल के काठमांडू तक गए। इसी दौरान युवती ने एक बच्चे को भी जन्म दिया जो अब चार साल का हो चुका है। युवती का आरोप है कि आरोपी शादी की बात पर बार-बार टालमटोल करता रहा और पिछले दिनों इन्कार कर दिया। इसके बाद ही उसने छत्तीसगढ़ में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी। कोतवाली प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसे तब पकड़ा गया, जब वह जीरो रोड बस अड्डे से कहीं भागने की फिराक में था।

# क्यूआर कोड स्कैन करते ही फोन पर दिखेगा मंदिर तक पहुंचने का रास्ता, लगाए जाएंगे होर्डिंग

**प्रयागराज।** महाकुंभ में देश- दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से लोकेशन क्यूआर कोड जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसके जरिए श्रद्धालु अपने फोन पर लोकेशन स्कैनर को स्कैन करते ही बिना भूले-भटके आसानी से प्रमुख मंदिरों व पर्यटन स्थलों तक पहुंच सकेंगे। संगम की रेती पर बसने वाले महाकुंभ को लेकर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से भी तैयारी की जा रही है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न उठानी पड़े, इस पर काम शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में संगम क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित प्रसिद्ध देवी-देवताओं मंदिरों व पर्यटन स्थलों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से उन जगहों के लोकेशन क्यूआर कोड जारी किए जाएंगे।

**प्रमुख चौराहा, रेलवे स्टेशनों तक भी पहुंचने की आसान होगी राह :** इस क्यूआर कोड के जरिए श्रद्धालु अपने मोबाइल फोन से उस लोकेशन स्कैनर को स्कैन करेंगे और बिना भूले-भटके अपने मन पसंद मंदिरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। पुलिस लाइंस प्रभारी एसीपी पुष्कर वर्मा बताते हैं कि इस योजना को मूर्त रूप देने की व्यवस्था कर ली गई है। महाकुंभ के समय इसे रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, प्रमुख चौराहों व संगम क्षेत्र के सभी मार्गों पर बैनर व होर्डिंग के जरिए इसे विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगम क्षेत्र व उसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों व पर्यटन स्थलों का बैनरों में फोटो रहेगा और उसके नीचे उस स्थान तक पहुंचने के लिए लोकेशन क्यूआर कोड दिया रहेगा, जिसे श्रद्धालु मन चाहे जगहों पर जाने के लिए नीचे दिए लोकेशन क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन में स्कैन कर उन जगहों पर आसानी से जा सकेंगे।

**इन जगहों पर जाने के लिए मिलेगा लोकेशन क्यूआर कोड :** लेटे हुए बड़े हनुमान जी मंदिर, पातालपुरी मंदिर, अलोपी देवी मंदिर, सोमेश्वर महादेव अरैल घाट, नागवासुकि मंदिर, शंकर विमान मंडपम मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, वेणी माधव मंदिर, बड़ा गणेश जी का मंदिर, हनुमान मंदिर सिविल लाइंस, पंचमुखी महादेव मंदिर, ललिता देवी मंदिर, दशाश्वमेध शिव मंदिर, पुराना किला, मिंटो पार्क, भरद्वाज मुनि आश्रम, चंद्रशेखर आजाद पार्क, खुसरो बाग, सुजावन महादेव घूरपुर, अक्षय वट, झूंसी का समुद्रकूप, सरस्वती घाट, बोट क्लब, नारायणी आश्रम।

**श्रद्धालुओं के सुविधाओं के लिए बैनर में दिए रहेंगे होटल व टूर एवं ट्रैवेल्स के फोन नंबर :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैनर व होर्डिंग में लोकेशन क्यूआर कोड के अलावा उनके आने जाने के लिए कई टूर व ट्रैवेल्स संचालकों के फोन नंबर भी दिए रहेंगे, जिससे लोग उनके बात कर कहीं भी आसानी से सफर कर सकें। इसके साथ ही उनके ठहरने के लिए कई होटल, धर्मशाला व मठ संचालकों के मोबाइल फोन भी दिए रहेंगे, ताकि लोग बिना भटके आसानी से महाकुंभ की भव्यता को देख सकें।

# भारत की जीत पर संगमनगरी में दिवाली आतिशी नजारों से सतरंगी हुआ आसमान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** शनिवार की रात भारत ने जैसे ही दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया, लोग जश्न मनाने के लिए घरों से बाहर निकल आए। भारत की जीत होते ही लोग सड़कों पर आ गए। छतों से लेकर तिराहों, चौराहों तक आतिशबाजी शुरू हो गई। इस दौरान संगमनगरी का आसमान सतरंगी आतिशी नजारों से खुशनुमा हो गया। इस दौरान भारत माता की जय... गली-गली का नारा है, विश्व कप हमारा है... जैसे नारे भी लगाए जा रहे थे।

टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में सुबह से ही काफी उत्साह रहा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले के दौरान क्रिकेट प्रेमी टीवी से चिपके रहे। कई जगह टीवी के साथ ही बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन के साथ विश्व कप पर कब्जा जमा लिया। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और विराट कोहली पर ही सारा दारोमदार रहा। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने अपना दम दिखाया। विराट कोहली का प्रदर्शन अद्भुत रहा। शमी भी पीछे नहीं रहे। टीम इंडिया का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसकी बदौलत जीत मिली। भारतीय टीम के जीतने पर दोस्तों के साथ मुंह मीठा कराया। **- आरपी भटनागर, निदेशक, इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन**

मैंने पूरा मैच देखा। विराट कोहली और बुमराह का प्रदर्शन बेजोड़ रहा। बुमराह की धारदार गेंदबाजी को लेकर दक्षिण अफ्रीका की टीम मानसिक दबाव में रही। कोहली के फार्म को फार्म में आने में समय नहीं लगा। **- परवेज आलम, एनआईएस क्रिकेट प्रशिक्षक**

विराट कोहली और शिवम दुबे का प्रदर्शन जोरदार रहा। टी-20 प्रारूप में एक ओवर में खेल बनता और बिगड़ता है। ऐसे में शुरू से ही चिंता लगी रही। भारतीय टीम के जीतने पर बहुत खुशी हुई। **- देवेश मिश्रा, एनआईएस क्रिकेट प्रशिक्षक**

भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया। अंतिम ओवर में सर्यू कुमार का कैच दर्शनीय रहा। इसे मैच का टर्निंग प्वॉइंट कहा जा सकता है। विराट कोहली की बल्लेबाजी भी देखने लायक थी। **- रमेश पाल, एनआईएस क्रिकेट प्रशिक्षक।**

## दारागंज से अपहृत बच्ची का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग, तलाश में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** दारागंज के कच्ची सड़क से लापता नौ साल की बच्ची का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका है। पहले परिजनों ने बच्ची के लापता होने की आशंका जताते हुए थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। पुलिस ने जब छानबीन की तो चौंकाने वाला दृश्य सामने आया है। लड़की लापता नहीं हुई है बल्कि उसका अपहरण किया गया है। एक व्यक्ति लड़की का हाथ पकड़कर उसे अपने साथ लेकर जा रहा है। दारागंज में रहने वाले राजेश पटेल मूल रूप से जौनपुर के ऊंचगांव दद्दान गांव निवासी हैं। उनके तीन बच्चों में बड़ी नौ वर्षीय शिल्पा कक्षा चार में पढ़ती है। वह 23 जून की शाम चार बजे के करीब खेलने निकली और फिर लापता हो गई। शाम छह बजे दारागंज थाने में सूचना दी गई और अगले दिन रात 11 बजे गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस खोजबीन में जुटी रही। दारागंज से लेकर शहर के अलग-अलग कोनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर भी जाकर खोजबीन की गई। इसी दौरान नैनी रेलवे स्टेशन पर लगे कैमरे के सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि बच्ची लापता नहीं हुई बल्कि उसे अगवा किया गया।

# महाकुंभ में शहर के बाहर से ही चलेंगी रोडवेज बसें

## साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं के आवागमन का अनुमान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ के मौके पर यूपी रोडवेज शहर के बाहर से ही बसों का संचालन करेगा। इस दौरान प्रदेश एवं दूसरे राज्यों के विभिन्न शहरों के लिए कुल 7000 बसें शहर के बाहर से चलाई जाएंगी, जबकि शटल सेवा के रूप में 550 बसें शहर के अंदर चलेंगी। रोडवेज का अनुमान है कि महाकुंभ के दौरान साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं का आवागमन बसों से हो सकता है। इस दौरान रोडवेज मुख्यालय एक हजार नई बसें भी उपलब्ध कराएगा।यूपी रोडवेज नौ अलग-अलग स्थानों से बसों को चलाए जाने की व्यवस्था कर रही है। जबकि, नौ अस्थायी बस स्टेशनों से लोगों को शहर में लाने के लिए 550 शटल बसें चलेंगी। शनिवार को यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने यह जानकारी महाकुंभ से संबंधित बैठक में दी। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि प्रदेश के 112 डिपो से बसों का इंतजाम होगा। अस्थायी बस स्टेशनों पर भी यात्री शेड, पानी, शौचालय एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा वहां चालक एवं परिचालकों के विश्राम की उचित व्यवस्था रहेगी। नई एवं अच्छी स्थिति वाली बसों का संचालन किया जाएगा।बैठक में यूपी रोडवेज की ओर से प्रेजेंटेशन भी दिया गया। प्रेजेंटेशन में बताया गया कि 550 शटल बसें शहर के बाहर नौ स्थानों से चलेंगी। इसमें पूरामुफ्ती से हिंदू हॉस्टल, फूलपुर-अंदावा व पंचदेवरा-लेप्रोसी के लिए पांच-पांच मिनट पर बस चलेंगी।\नेहरू पार्क से हिंदू हॉस्टल के लिए एक-एक मिनट पर, बेला कछार से भारत स्काउट गाइड के लिए दो-दो मिनट, नवाबगंज हाइवे से भारत स्काउट के लिए तीन-तीन मिनट, शिवगढ़ हाइवे से भारत स्काउट के लिए चार-चार मिनट, हबूसा मोड़-अंदावा व गौहनिया से लेप्रोसी के लिए दो-दो मिनट पर शटल बसें चलेंगी। बैठक में कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि यात्रियों के आवागमन के लिए रोडवेज एक बड़ा सहारा बनेगा। इसलिए जो भी कार्य कुंभ से संबंधित हैं वह समय रहते पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक शनिवार रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

# नैनी प्रयाग पुरम में नाला जाम होने के कारण लोगों में बीमारी फैलने की आशंका

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के प्रयाग पुरम में नाला जाम होने के कारण लोगों को डर बना हुआ है कि। पीलिया एवं डेंगू फैलने की आशंका नगर निगम अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं इसकी जानकारी महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी को देने के बाद भी अधिकारी नाला साफ नहीं करवा पाए अभी तक। जब तक कोई घटना नहीं घट जाती तब तक नगर निगम कर्मचारी अधिकारी नहीं सुनेंगे। प्रदीप कुमार तिवारी सेक्टर संयोजक भाजपा चकदोंदी, अंकित पांडे, सुनील कुमार, का कहना है कि अगले वर्ष भी नाला की सफाई नहीं किया गया था इस बार महापौर को ज्ञापन दिया गया था लेकिन अधिकारी अभी तक इस पर कोई सुनवाई नहीं किया नाला की तत्काल सफाई करने की मांग मोहल्ले वासियों एवं भाजपा नेताओं ने की है।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं मुहर्रम, दंगाईयों पर रहेगी पैनी नजर : डीसीपी

## लालगोपालगंज पुलिस चौकी में शांति समिति की ताजियादारों के साथ हुई बैठक

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने मोहर्रम को लेकर शांति समिति की पुलिस चौकी में बैठक आहूत की। जुलूस और ताजिया के रास्तों पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर बातचीत की गई। विभागीय कर्मियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही छम्य न होने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित ताजिया दरों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं बताई। खराब करने वालों पर पुलिस की पहली नजर होने का भरोसा दिलाया गया है। लालगोपालगंज पुलिस चौकी में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई अध्यक्षता करते हुए डीपी अभिषेक भारती ने कहा कि परंपराओं के अनुसार ही मोहर्रम का जुलूस निकाला जाए। किसी भी प्रकार की नई रीति रिवाज को जन्म न दिया जाए। बैठक में उपस्थित चेयर पर्सन प्रतिनिधि व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने मोहर्रम के अवसर पर साफ सफाई के साथ अन्य तमाम व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने का भरोसा दिलाया। बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के कर्मियों को निर्देशित किया गया कि जुलूस के रास्ते पर दौड़ती बिजली के साथ लटकते तार पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी प्रकार की घटना न होने पाए। ताजिया दारों से अपील किया कि गांव से निकलने वाली ताजिया की हाइट छोटी रखी जाए। जिससे कर्बला तक ले जाने में आसानी हो। मोहर्रम हो या श्रावण मास किसी भी पर्व पर अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती, एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव, नवाबगंज थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार दुबे और चौकी प्रभारी शरद सिंह के अलावा तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व अध्यक्ष प्रदीप केसरवानी, दानिश फारुकी, फिरोज अख्तर, बसंत लाल जायसवाल, राजेंद्र अग्रवाल, फिरोज अख्तर, कमाल अरशद आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## सेवा सप्ताह के अंतर्गत लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मऊ आइमा।** मऊआइमा इलाके के छीतेमऊ बहेरा में सेवा सप्ताह के अंतर्गत बजरंग दल की ओर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ.सुमन दुबे व उनके सहयोगियों की मदद से 132 लोगों के मौसम जनित बीमारियों ,ब्लड प्रेशर, शुगर जाँच, नेत्र प्रशिक्षण, मधुमेह आदि की जांच किया गया। इस मौके जिला विधार्थी प्रमुख आशीष शर्मा 'विहान' ,अशोक केशरवानी, सुशील, अक्षत जयसवाल, सचिन कुमार, सोनू, अंशु पटेल, आदर्श केशरवानी समेत अन्य स्थानीय व बजरंग दल के लोग उपस्थित रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि त्रुटि वश पासपोर्ट में मेरा और मेरे पिता के नाम के साथ पता गलत हो गया है। नदीम अख्तर पुत्र मोहम्मद हस्सान निवासी परेवा नारायणपुर पोस्ट लालगोपालगंज को अब से नदीम अख्तर खान पुत्र मोहम्मद हस्सान खान निवासी खान टिम्बर हाउस, दनियालपुर, लालगोपालगंज, प्रयागराज के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

# शहरों में किये गये अतिक्रमण को हटाया जाए: जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। ई-रिक्शा स्टैण्ड के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि जो भी ई-रिक्शा स्टैण्ड हेतु स्थल का चयन किया गया था वहां पर सारी व्यवस्था पूर्ण कराकर यथाशीघ्र ई-रिक्शा स्टैण्ड को चालू करायें। शहरों में किये गये अतिक्रमण को पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया जाये जिससे आवागमन एवं जाम की स्थिति न उत्पन्न हो।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोलते डीएम संजीव रंजन।

बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि शहरों में जो विद्यालय है उनकी टाइमिंग 05 या 10 मिनट आगे पीछे कर दिया जाये जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में जिन व्यक्तियों द्वारा घायलों को अस्पताल में पहुँचाया जाता है उनको सम्मानित कराया जाये। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बिना फिटनेस की कोई भी वाहन न चले इस पर विशेष ध्यान दिया जाये, जिन विद्यालयों के वाहन की फिटनेस नही है उनको नोटिस दिया जाये। बैठक के दौरान हाईवे एवं सड़कों पर अवैध कट, अबैध ढाबों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो कोई भी समुचित उत्तर नही दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अगली बैठक के दौरान हाईवे एवं सड़कों पर अवैध कट, अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें। ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे होर्डिंग हेतु जो पोल लगाये गये है उनको सड़क से कुछ दूरी पर लगाये जाये। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी है। परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्मिशयल ड्राइवरों के हेल्थ चेक हेतु कैम्प लगाया जाये और उनको चश्मा आदि की जो सुविधा हो मुहैया करायी जाये। उन्होने कहा कि जनसामान्य को हेलमेट लगाने के सम्बन्ध में जागरूक करें और इसका शत् प्रतिशत अनुपालन करायें। जिलाधिकारी ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जाये जिससे लोग जागरूक हो सके और दुर्घटनायें न हो। बैठक में प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चैरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता व बी0के0 सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे।

# बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण कर करें नमूना संग्रहित: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये गये कार्यो पर सन्तोष व्यक्त करते हुये खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने मण्डी सचिव के सहयोग से महुली मण्डी में कैम्प आयोजन कर फल एवं सब्जी के विक्रेताओं को खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण से आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया। जिला पूर्ति अधिकारी के सहयोग से सभी उचित दर की सरकारी दुकानों को खाद्य पंजीकरण से आच्छादित करने हेतु तहसील स्तर पर कैम्प लगाने के निर्देश दिये गये। सरकारी अस्पताल में संचालित कैन्टीनों, विद्यालयों में संचालित मध्यान्य भोजन एवं जिला कारागार की कैन्टीन का नियमित निरीक्षण करते हुये प्रत्येक माह नमूना संग्रहित करने हेतु निर्देशित किया गया। औषधि निरीक्षक को अधिक से अधिक छापे डालकर संदिग्ध औषधियों के नमूने संग्रहित करने के निर्देश दिये गये। जनपद में संचालित बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करने और नमूना संग्रहित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित सीओ सिटी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी, सहायक प्रबन्धक उद्योग, औषधि निरीक्षक, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल ऊमरवैश्य, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अर्पित खण्डेलवाल एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# चार महीने से बन्द पड़ा स्टेट बैंक परियावां का एटीएम, परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद कुंडा तहसील के विकास क्षेत्र कालाकांकर के परियावां बाजार मे विगत चार महीने से भारतीय स्टेट बैंक का लगा एटीएम बन्द चल रहा है जो उपभोक्ताओं को शोपीस के रूप मे देखने को मिल रहा है एटीएम मशीन के बिगड़ जाने के कारण उपभोक्ताओं को बैंक बन्द होने के दौरान पैसा नही मिल पा रहा है जिसकी जानकारी ब्रांच मैनेजर ने अपने




बंद पड़ा स्टेट बैंक परियावां का एटीएम

उच्च अधिकारियो को दे दी है लेकिन अधिकारियो की उदासीनता व लापरवाही के चलते अभी तक दूसरा ए टी एम मशीन नही बदला जा सका है ए टी एम मशीन के खराब हो जाने के बाबजूद भी उसमे गार्ड की डियूटी लगी रहती है और आधा शटर खोल दिया जाता है जब उप भोक्ता पैसा निकालने के लिए रुकता है तो पता चलता है कि मशीन खराब है जिससे उपभोक्ताओं कों निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने विभाग के उच्च अधिकारियो का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# 125 मेधावियों को सम्मान पत्र व मेडल आदि देकर किया गया सम्मानित

## जिला उमरवैश्य समाज सभा का 18वां छात्र-छात्रा सम्मान समारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 18वें छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन आज चिलबिला स्थित उमरवैश्य धर्मशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व गीत प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगाया।

समाज सभा के संरक्षक



मेधावी छात्र को सम्मानित करते उमरवैश्य समाज के पदाधिकारी।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि आज 18वें छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में 125 मेधावियों को सम्मान पत्र, मेडल, बैग आदि देकर सम्मानित किया गया और समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मांग की गई की प्रतापगढ़ में होने वाला मेधावी सम्मान पूरे देश में समाज के छात्र-छात्राओं का कर उत्साह बढ़ाया जाए। मुख्य अतिथि उमरवैश्य समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य ने कहा कि प्रतापगढ़ का उमरवैश्य समाज ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सामूहिक विवाह का शुभारंभ भी प्रतापगढ़ से हुआ था आज पूरे देश में कई प्रान्तो में आयोजित हो रहा है मैं समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य की मांग का समर्थन करते हुए आज ही पूरे देश में समाज के मेधावियों के सम्मान की घोषणा करता हूं। सभी प्रान्तो को लेटर जारी कर हर प्रान्तो में रह रहे समाज के पदाधिकारीयो से अनुरोध करता हूं कि इसे अपने-अपने क्षेत्र में मेधावियों का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित करें। सभी अतिथियों का आभार जताते हुए जिला अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य ने कहा कि आप सब के परिश्रम से ही आज 18वां छात्र-छात्रा सम्मान समारोह संपन्न हो सका। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शोभनाथ व स्वपनिल उमरवैश्य ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना अथक योगदान देने में समाज सभा के कोषाध्यक्ष मदनलाल, जवाहरलाल, हनुमान प्रसाद, महादेव, विश्वनाथ, डॉ0 श्याम, देवेंद्र गुप्ता, अमन, भाजयूमो के पूर्व अध्यक्ष रवि गुप्ता, श्री राम, दीपक सभासद, शोभनाथ, स्वप्निल उमरवैश्य, अजय कुमार, शिव विलास, सनी, महिला सभा की अध्यक्ष पूनम गुप्ता, महामंत्री रेखा उमरवैश्य व सैकड़ो की संख्या में समाज के पदाधिकारी, छात्र-छात्रा व अभिभावक मौजूद रहे।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाया गया बोर्ड अराजक तत्वों ने उखाड़ कर फेंका

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के सोनाही मार्ग उडैय़ाडीह चैराहे से सौ मीटर पहले रुकिए देखिए तब जाइए लोक निर्माण विभाग द्वारा यात्रियों के जागरूकता के लिए बोर्ड लगाया जाता है, जिससे यात्री देखकर चले ताकि जीवन सुरक्षित रहे लेकिन अराजक तत्वों द्वारा रविवार की दोपहर उस जागरूकता बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया गया।और उस स्थान पर गुमटी रख दिया गया। जिससे अचानक चैराहे के पट्टी रानीगंज हाईवे पर पहुंचने से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ती जा रही है। बाहर आने जाने वाली लोगों को रात के अंधेरे में यह पता नहीं रहता कि आगे हाईवे रोड आने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। आखिरकार कब तक प्रशासन मौन रहेगा रोड की किनारे मोड़ पर बन रहे गुमटी, टीन, छप्पर जो की सरकारी जमीनों पर लोग कब्जा कर व्यवसाय कर रहे है इन लोगों पर कब कार्यवाही होगी और इनको कब रोड के किनारे से हटाया जाएगा, इन्ही गुमटी की वजहों से मोड़ पर एक्सीडेंट होते हैं जाम लगता है जिससे क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है।

# लायंस क्लब शक्ति की प्रमिला शुक्ला बनी अध्यक्ष व अवन्तिका सचिव

## लायंस क्लब शक्ति के पदाधिकारियों का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब शक्ति की मासिक बैठक सिविल लाईन स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए लायन प्रमिला शुक्ला, सचिव के रूप में लायन डॉक्टर अवंतिका पांडे तथा कोषाध्यक्ष के पद पर लायन मनप्रीत कौर को चयनित किया गया।



लायंस क्लब शक्ति के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष प्रथम कुसुम गुप्ता पिंकी दयाल, उपाध्यक्ष द्वितीय गीता मिश्रा तथा प्रशासक के रूप में लक्ष्मी मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई। सर्विस चेयरपर्सन का पद मीना पुष्पाकर को तथा मेंबरशिप चेयरपर्सन रागिनी श्रीवास्तव को बनाया गया निदेशक के रूप में अनीता पांडे, प्रतिभा भगवन तथा शीला मिश्रा का चयन किया गया।

देववाणी कही जाने वाली विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं सर्वसुदृढ़ व्याकरणयुक्त भाषा संस्कृत का आमजन द्वारा प्रयोग धीरे-धीरे न्यून होने से यह भाषा मंदिरों और मंत्रोच्चार तक सीमित होती प्रतीत हो रही है जबकि भारत की पुरातन शिक्षा व्यवस्था में संस्कृत संस्कृति की परिचायक रही है। हमारे देश के सभी वेदों, पुराणों एवं ऋचाओं के न केवल निर्माण में संस्कृत भाषा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है बल्कि इनके अध्ययन-अध्यापन में भी संस्कृत का ही प्रयोग सर्वाधिक किया गया।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बा निवासी एक युवक किसी काम से बहुता गांव गया हुआ था वहां से वापस लौटते समय पट्टी की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को सीएचसी लेकर आई जहां पर उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित रायपुर गांव के रहने वाले सचिन कुमार रविवार की सुबह किसी काम से बहुता गांव गया हुआ था वहां से अपना काम खत्म करके वह अपनी बाइक से पट्टी के लिए निकला था अभी वह बहता पुल के पास पहुंचा था कि इसी बीच पट्टी की तरफ से आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस घायल को पट्टी सीएचसी लेकर आई जहां पर उसका इलाज चल रहा है । घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

# विश्व कप जीत पर शहर में मना जश्न, दगे पटाखे

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने देर रात तक किया भांगड़ा नृत्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत और साउथ अफीका के बीच फाइनल मुकाबले में भारत की जीत से बेल्हा में भी जश्न मनाया गया। खूब पटाखे दगे और मिठाईयां बांटी गई। देर रात तक लोग टीवी में मैच का लुत्फ उठाते रहे। जैसे ही भारत को जीत मिली, लोग उछल पड़े। उधर भारत की विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा साथियों के साथ भांगडे पर नृत्य करते हुए पटाखे फोड़ कर मिठाईयां खिलाकर भारत की इस ऐतिहासिक जीत का



भारत की जीत पर जश्न मनाते भाजयुमो कार्यकर्ता।

जश्न मनाया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव अविनाश सिंह अजय सिंह नामित श्रीवास्तव नितिन श्रीवास्तव अनमोल सिंह चंद्र प्रताप सिंह राहुल मौर्य मनोज मिश्रा अंश मनीष सिंह प्रमोद सिंह राहुल राजा शैलेश मिश्रा आज युवा साथी मौजूद रहे भारत को विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मिली इस ऐतिहासिक जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए युवा साथियों ने पटाखे फोड़ा और मिठाइयां खिलाई भागड़े पर नृत्य करते हुए जश्न मनाया।



छात्राओं के साथ विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय।

# माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत से संस्कृति संरक्षण की हुई पहल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ऐसे में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय द्वारा संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान हेतु संस्कृत से संस्कृति संरक्षण नामक ग्रीष्मकालीन पहल की गई है। इस पहल के माध्यम से संस्कृत को पुनः जनसामान्य और आम बोलचाल की भाषा बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सर्वप्रथम विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति लगाव एवं प्रयोग में सहजता व दक्षता हेतु उन्हें संस्कृत भाषा सम्बन्धी चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा की मूलभूत जानकारी जैसे वचन, लकार, पुरूष, विभक्ति, धातु रूप, शब्द रूप के साथ ही साथ वाक्य विन्यास एवं संस्कृत में रूपांतरण का अभ्यास कराया गया।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल ने पीयूषकांत शर्मा को दिया सीनियर मास्टर अवार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में प्रोफ़ेसर डॉ. पीयूष कान्त शर्मा को विश्व की सबसे बड़ी ग़ैरसरकारी सेवा संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल ने सीनियर मास्टर अवार्ड से अलंकृत किया है। अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पैटी हिल ने प्रोफ़ेसर शर्मा को प्रशस्ति पत्र के साथ सीनियर मास्टर मेडल एवं सीनियर मास्टर की से सम्मानित किया है। मेल्विन जोन्स फेलो डॉ शर्मा को इसके पूर्व विशाखापट्टनम में फैकल्टी डेवलपमैंट इंस्टीट्यूट ग्रेजुएट तथा मुम्बई में एडवांस लायन्स लर्निंग इंस्टीट्यूट जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षणों हेतु चुना जा चुका है। वह डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, कैबिनेट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेशन, डिस्ट्रिक्ट जी एल टी कोर्डिनेटर आदि महत्त्वपूर्ण दायित्वों पर कार्य



डा0 पीयूषकांत शर्मा।

कर चुके हैं। इसके साथ ही डॉ शर्मा को सेवा एवं नेतृत्व के लिए इंटरनेशनल प्रेसिडेंट, मल्टिपल काउंसिल चेयर पर्सन एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के दर्जनों सम्मान, मेडल आदि मिल चुके हैं। उनके इस विशिष्ट सम्मान पर लायन्स क्लब के डॉ बृजभानु सिंह, संजीव आहूजा, शिशिर खरे, राकेश शुक्ला, मनीष केसरवानी, आनन्द केसरवानी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# बारात में मारपीट के मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 19 जून को दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोपाल पुर गांव निवासी एजाज अहमद के यहां बारात आई थी शाम 4 चार बजे निकाह हो रहा था उसी दौरान गांव के छः सात की संख्या में पहुंचे किसी पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे पूछने पर उक्त लोगों ने मौजूद कुर्सी आदि तोड़ने लगे। मना करने पर मारपीट मां बहन को गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। बारात में अफरातफरी मच गई। पीड़ित एजाज अहमद ने घटना की लिखित तहरीर दिलीप पुर पुलिस को दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित 25 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दिलीप पुर पुलिस ने गोपाल पुर गांव के इरफान, इमरान, शमीम,नावेद, मकसूद कधंई थाना क्षेत्र के डेंगुर पुर के आवेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## नशे में धुत बाइक सवार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुराने घर से नये मकान पर जा रही कधंई थाना क्षेत्र के बिजहरा गांव निवासी भारती यादव व संजू यादव को परान पुर गांव का युवक विक्रम यादव हरिओम यादव ने नशे में बाइक से दोनों को टक्कर मारकर मौके से भाग निकला था। दोनों को इलाज के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया दूसरे दिन भारती यादव की तहरीर पर कधंई पुलिस ने विक्रम यादव व हरिओम यादव के खिलाफ लापरवाही से बाइक चलाने के मामले में मुकदमा दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया।

# रास्ते में रोककर युवक को मार-पीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाजार से घर जा रहे युवक को रास्ते में रोक कर धारदार हथियार से मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक कोतवाली पहुंचा पुलिस मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा। कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव के रहने वाले सचिन चैरसिया शनिवार की देर शाम बाजार से अपने घर के लिए निकला था। अभी वह बाजार से ही कुछ दूर पहुंचा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए युवकों ने उसे रास्ते में रोक कर धारदार हथियार से मार-पीट कर घायल कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पर पहुंचे परिजन घायल युवक को कोतवाली लेकर आए। और नामजद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस घायल युवक का मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि मार-पीट में घायल युवक का मेडिकल परीक्षा कराया गया है। तहरीर के आधार पर जांच-पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन स्टैंड संचालकों ने छात्रों के साथ की दबंगई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे स्टेशन के वाहन स्टैंड संचालकों ने छात्रों के साथ दबंगई की। बाइक सवार छात्र का कॉलर पकड़कर स्टैंड संचालक व उसके साथियों ने की गाली गलौज की और घसीटा। बता दें कि बीती रात इंटरसिटी ट्रेन से उतरकर बाइक लेकर घर जा रहे थे। टोकन को लेकर विवाद हो गया जिस पर बाइक की चाभी निकालकर छात्रों के साथ बदसलूकी की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। बता दें कि आए दिन वाहन स्टैंड संचालकों की मनमानी से यात्री परेशान होते हैं।

# तालाब निर्माण को रोका, जान से मार देने की धमकी की तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपनी भूमिधरी जमीन में तालाब की खुदाई करा रहे व्यक्ति को पड़ोसियों ने दबंगई व सरहंगई के बल पर मना कर दिया और जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव के रहने वाले राजपति ने तहरीर देकर आरोपित किया है कि रविवार की सुबह वह अपनी भूमिधरी जमीन में तालाब की खुदाई करा रहा था इसी दौरान पड़ोसियों ने तालाब की खुदाई करा रहे युवक को मना करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए तालाब की खुदाई बंद करा दिया। पीड़ित युवक ने मामले में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायती पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत, दो घायल

**नतिनी को बुलाने बेटी के ससुराल गए थे बुजुर्ग**

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव के पास ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में बाइक चला रहे बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई और बाइक में बैठी किशोरी व ट्रैक्टर में बैठी एक महिला घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक रामराज उम्र 70 साल पुत्र कल्लू निवासी तरसौरा रविवार की सुबह वह अपनी बेटी के ससुराल बाइक से कोखराज थाना क्षेत्र के सईगंज गए थे। शाम को वह अपनी नतिनी रागिनी उम्र 16 साल पुत्री रोहित को साथ लेकर बाइक से घर वापस आ रहे थे जैसे ही वह गांव के पास मोड़ पर पहुंचे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने तेजी से ट्रैक्टर को मोड़ दिया जिससे उसमें बंधे कल्टिवेटर और उसमे रखा लकड़ी का पहटा उछल कर बाइक से टकरा गया। टकराने के बाद बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। जिससे बाइक चला रहे बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बाइक में पीछे बैठी उनकी नतिनी घायल हो गई। साथ ही ट्रैक्टर में बैठी गांव की महिला सारिका उम्र 32 वर्ष पत्नी रामकुमार भी ट्रैक्टर में झटका लगने से गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने बताया की कल एक जुलाई से स्कूल खुल रहे थे इसलिए मृतक अपनी नतिनी को बुलाने गए थे जिससे उसकी पढ़ाई का नुकसान न हो लेकिन यह घटना हो गई। मौत की खबर से परिजनों में रोना पिटना मच गया।

## महिला आरक्षी की मौत पर एडीजी ने व्यक्त किया दुख

**कौशाम्बी।** महिला आरक्षी मोनिका सिंह की प्रसव के दौरान बीएचयू अस्पताल बनारस में मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस विभाग में पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक समेत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने महिला आरक्षी की मौत पर दुख व्यक्त किया है बताते चलें कि वर्ष 2021 में आरक्षी पद पर भर्ती एवं जनपद कौशाम्बी में तैनात महिला आरक्षी मोनिका सिंह प्रसुति अवकाश पर रवाना थीं। डिलीवरी के उपरान्त कोमा में चले जाने के कारण बीएचयू हॉस्पिटल वाराणसी मे भर्ती कराया गया जहाँ ईलाज के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया एडीजी भानु भास्कर ने ट्विटर पर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

# सैकड़ो सरकारी जमीन पर कब्जा एक पर कार्यवाही

**तहसील प्रशासन के पक्षपात पूर्ण कार्यवाही पर उठने लगे तमाम सवाल!**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बरैसा और भरसावा ग्राम सभा में सैकड़ो सरकारी जमीन तालाब बंजर ऊसर खलिहान पर लोगों ने कब्जा कर मकान बना लिया है लेकिन सैकड़ो सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने के बाद उसे कब्जा मुक्त करने का प्रयास राजस्व कर्मियों द्वारा नहीं किया गया है जबकि रविवार को सरकारी जमीन पर कब्जे को खाली करने के लिए राजस्व विभाग की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंची है और वर्तमान में दीवार का निर्माण कर रहे एक कब्जे पर कार्यवाही कर दी है लेकिन सवाल उठता है कि कई वर्षों से सैकड़ो सरकारी जमीन पर लोगो का कब्जा है और पूर्व के कब्जा पर तहसील प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की है आखिर पूर्व के सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों से जमीन खाली करने में तहसील प्रशासन के हाथ पांव क्यों फूल रहे हैं बताया जाता है कि कब्जा धारक से 200000 की डिमांड की जा रही थी और डिमांड न पूरी होने पर उसके निर्माणाधीन दीवाल को बुलडोजर लगाकर दीवाल गिरा दी गई है तहसील प्रशासन के दोहरे चरित्र से सरकारी जमीन कब्जे से खाली नहीं हो रही और तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लग रहे हैं पक्षपात पूर्ण कार्यवाही करने वाले तहसील प्रशासन के कारनामे को आला अधिकारियों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से सरकारी जमीन खाली कराना होगा तभी सरकारी जमीन सुरक्षित होगी सरकारी जमीन कब्जे के मामले में राजस्व कर्मियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष दर्जनों लहूलुहान




**कौशाम्बी।** करारी थाना के बजहा खुर्मपुर परऊवा गांव में रविवार की देर रात में दो पक्ष में खूनी संघर्ष हो गया है झगड़े के पीछे बताया जाता है कि पिकअप लोडर वाहन को गांव के एक व्यक्ति के पैर में चढ़ा दिया गया है लोडर चढ़ जाने से उसे चोट लग गई है लोगों ने लोडर चालक का विरोध किया और पीट दिया लोडर चालक ने फोन करके दूसरे गांव से अपने समर्थकों को बुला लिया और लाठी डंडा लेकर के समर्थक घटनास्थल पर पहुंच गए जिससे विवाद बढ़ गया है दोनों पक्ष की ओर से जमकर लाठी डंडे चले है ईट पत्थर बरसाए गए है युद्ध के मैदान में पूरा गांव तब्दील हुआ दूसरे गांव से हमलावर बुलाए गए घटना में एक दर्जन से अधिक ग्रामीण लहूलुहान हुए है पुलिस आलाधिकारियों समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुँच गयी है स्थिति तनावपूर्ण नियंत्रण में है सूचना पाकर मौके पर कई एंबुलेंस पहुंची घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हमले में शिव कृपाल पुत्र खुदी लाल वा बबलू पुत्र बडेलाल वा मोनी पुत्री बनवारी लाल वा अजमल पुत्र बस्सन की हालत गंभीर है चार लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भूमिधरी जमीन पर कर रहा दबंग कब्जा

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाईं गांव में एक दबंग जबरन भूमिधरी जमीन पर कब्जा कर रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोखराज पुलिस से की है। टेंगाई के संतोष कुमार ने बताया कि गांव में उसकी भूमिधरी जमीन है जिसे गांव का ही एक अपराधी और दबंग किस्म का व्यक्ति जबरन गुंडई के बल पर भूमिधरी जमीन पर कब्जा कर उस पर रास्ता बना रहा है। मना करने पर जान मारने की धमकी दे रहा है। जबरिया जमीन से रास्ता बना रहा है विरोध करने पर मारपीट पर उतारू है आरोपी के कारनामे के चलते उस पर कई बार मुकदमा दर्ज हो चुका है चर्चा है कि जेल भी जा चुका है लेकिन उसके हौसले नहीं कम हुए हैं पूरा गांव उसके आतंक से परेशान है दूसरे की संपत्तियों को कब्जा करना और उनसे धन अर्जित करना आरोपी की आदत में शुमार है लेकिन पुलिस इस दबंग आरोपी पर ठोस कार्रवाई नहीं कर रही जिससे इसके हौसले नहीं टूट रहे पूरा गांव उसके आतंक से परेशान है।

# बनवारी लाल कंछल सातवीं बार अध्यक्ष रमेश अग्रहरि कौशांबी दूसरी बार प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री निर्वाचित

**उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि व्यापारी के ही द्वारा दिए गए कर से देश एवं प्रदेश की सरकार चलती है**

अखंड भारत संदेश






**भरवारी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का त्रिवार्षिक 21 वा चुनाव लखनऊ के महाराजा अग्रसेन कॉलेज मोती नगर में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के प्रतिनिधियों के द्वारा लगभग 132 लोगों ने अपना नामांकन किया जिसमें संगठन के 102 पदों पर निर्वाचन होना था प्रांतीय अध्यक्ष के लिए तीन नामांकन प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री पद के लिए दो नामांकन आए अंत में अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशी और प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री पद के एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया जिससे प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि कौशांबी निर्विरोध निर्वाचित हुए आज निर्वाचन के बाद लखनऊ के रविंद्रालय चारबाग में व्यापारी महासम्मेलन संपन्न हुआ व्यापारी सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होकर नवनिर्वाचित सभी सभी पदाधिकारी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बधाई देते हुए कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंचन ने मुझसे अभी जो मांग किया कि व्यापारियों का दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़कर 25 लाख कर दिया जाए और पंजीकृत व्यापारियों का 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जाए तथा व्यापारियों से जीएसटी या अन्य राजस्व कर पर लेट हो जाने पर 18 प्रतिशत से ब्याज लिया जा रहा है जबकि हमें बैंक मात्र 6 प्रतिशत देती है तो इसको भी घटा करके 8 प्रतिशत किया जाए उसमें उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं संबंधित फोरम पर इस बात को रखूंगा इसको एक बैरन लेटर मानकर के इस कार्य को पूरा करने का काम करूंगा व्यापारी ही सरकार को चलाने में अपना पूरा योगदान देता है व्यापारी के ही द्वारा दिए गए कर से देश एवं प्रदेश की सरकार चलती है उन्होंने कहा कि अभी कल ही हमारी सरकार ने भामाशाह जयंती पर व्यापारी दिवस की घोषणा कर व्यापारियों को सम्मानित करने का कार्य किया है आज उपस्थित 75 जनपद के व्यापारियों ने उनका रविंद्रालय में स्वागत व अभिनंदन किया है कार्यक्रम के दौरान निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री का व्यापारियों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया है।

# केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को लगा भ्रष्टाचार का घुन

**ग्रामीण क्षेत्रों के 50 हजार मजदूरों का दिल्ली मुंबई गुजरात पूना पंजाब हरियाणा राजस्थान सूरत लुधियाना आदि शहरों में रोजी रोटी के लिए रुक सकता है पलायन**




**कौशांबी।** गरीबों के हित में केंद्र सरकार के द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। केंद्र सरकार ग्रामीण मजदूरों को सौ दिन की मजदूरी के लिए गारंटी देने को प्रतिबद्ध है, लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा जेसीबी मशीन व अन्य आधुनिक मशीनों द्वारा तालाबों की खुदाई करवा रहे हैं। इसी के चलते मजदूर तबके के लोग शहरों की तरफ पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं जो जिम्मेदारों द्वारा सरकार की मंशा को खुली चुनौती दे रहे हैं। जनपद के तमाम ग्राम पंचायतों में गरीबों के हित में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया है। सरकार गरीब मजदूरों को कम से कम सौ दिन के लिए रोजगार की गारंटी को प्रतिबद्ध है। मनरेगा कार्य दिवस देकर सरकार ग्रामीण मजदूरों को गांव में रहकर आमदनी देते हुए पलायन से रोकना है। तालाबों की खुदाई, चकमार्ग व नाली के खुदाई, खेतों के समतलीकरण आदि में ग्राम प्रधान मजदूरों से कार्य न कराकर जेसीबी से कार्य करवा रहे हैं। कई ग्राम सभाओं में इसकी शिकायत भी ग्रामीणों द्वारा की गई किन्तु विभागीय संलिप्तता के चलते मामला रफा - दफा कर दिया जाता है। तमाम ग्राम पंचायतों का आलम यह है कि यहां चोर - चोर मौसेरे भाई की कहावत सटीक चरितार्थ हो रही है। सरकार की मंशा के विपरीत गरीब मजदूरों के हक को हड़पकर जिम्मेदार लोग सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। यदि जिले के जिम्मेदार मनरेगा कार्यों को शासन के मंशानुरूप मनरेगा मजदूरों से कार्य करवाने का संकल्प ले लें तो ग्रामीण क्षेत्रों के 50 हजार मजदूरों का दिल्ली मुंबई गुजरात पूना पंजाब हरियाणा राजस्थान सूरत लुधियाना आदि शहरों में रोजी रोटी के लिए पलायन रुक सकता है।

## दलित एक्ट की धमकी देकर भूमिधरी जमीन के निर्माण में बाधा डाल रहे है दबंग दलित

### भू माफियाओं से त्रस्त रसूलपुर काजी की महिला ने लगाई थाना प्रभारी से न्याय की गुहार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में तहसीलदार सिराथू के द्वारा 70 वर्ष की वृद्ध महिला की जमीन की पत्थर गढ़ी किए जाने के बाद महिला अपने जमीन पर काबिज नहीं होने को पा रही है पड़ोसी इतने दबंग है कि वह तहसीलदार के पत्थर गढ़ी को नहीं मानते हैं उनका अपना कानून का राज चलता है वह हिंदुस्तान के कानून से अलग रहते हैं वह दलित है तो सब को दलित एक्ट की धाराओं में फर्जी तरीके से फसाने की धमकी देकर दूसरे को संपत्तियों पर कब्जा कर रहे हैं लेकिन उनके सामने कानून विवश होता दिखाई पड़ रहा है आखिर दलित है तो दूसरे की संपत्तियों पर कब्जा करने का उन्हें कानून की किस धारा में अधिकार मिला है लेकिन वृद्ध महिला को पुलिस न्याय नहीं दे पा रही है पड़ोसी दबंग दलित वृद्ध महिला की औने पौने दाम पर जमीन खरीदने की कोशिश कर रहे हैं और महिला अपनी जमीन बेचने को तैयार नहीं है जिस पर उसके जमीन पर तरह-तरह से अवरोध डालकर महिला को प्रताड़ित परेशान कर रहे हैं तहसीलदार भी न्याय नहीं दे पा रहे हैं कोखराज थाना के ग्राम पंचायत रसूलपुर काजी ग्राम की गुडडी देवी पत्नी जान मोहम्मद की बस्ती के नजदीक ही भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 285 रक्बा 0.1260 हे0 है दबंग दलित विपक्षी पड़ोसी राम कैलाश पुत्र राम आधार वा उनके बेटे शिवपूजन रमाकांत शिवाकांत रामनारायण की जमीन बगल में है दबंग पडोसी कैलाश वा पुत्रों ने महिला को कई बार कहा कि वह जमीन बेच ले वृद्ध महिला ने इन्कार कर दिया दबंग दलित पडोसी महिला की जमीन में निर्माण नहीं होने दे रहे है अनुसूचित जाति की धारा में फसाने की धमकी दे रहे हैं इसी मामले में पहले भी महिला को परेशान किया इस बार गंभीर धाराओं में फसाने की धमकी दे रहे है वृद्ध महिला की भूमिधरी को तहसीलदार की गठित टीम कानून गो,लेखपाल द्वारा पत्थर गढी नाप किया गया है नाप के बाद भी पडोसी निर्माण नहीं करने दे रहे है दलित है तो इनके लिए हिंदुस्तान से अलग कानून चल रहा है।

# आखिर सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव पर अधिकारियों की इतनी मेहरबानी क्यों !

**घोटाले बाज पंचायत सचिव को अधिकारी देते हैं चार्ज पंचायत सचिव करते हैं घोटाला फिर होते हैं निलंबित फिर लेनदेन कर किए जाते हैं बहाल**

**कौशाम्बी।** जिले के पंचायत विभाग में इस तरह के पंचायत सचिव है जिनका काम विकास के बहाने केवल सरकारी खजाने की रकम लूटना है विकास के बहाने सरकारी खजाना बार-बार लूटने वाले पंचायत सचिव पर बड़े अधिकारी भी मेहरबान है आरोप के बाद इन्हें बार-बार तैनाती देकर वित्तीय अधिकार दिए जाते हैं वित्तीय अधिकार मिलते ही यह शातिर पचायत सचिव फिर विकास के बहाने सरकारी खजाना लूटने लगते हैं शिकायतें होती हैं जांच होती है जांच में दोषी पाए जाते हैं फिर निलंबन नोटिस की कार्रवाई होती है निलंबन नोटिस के बाद फिर इनकी बहाली की गुणा गणित शुरू होती है अधिकारी पैसा लेते हैं इनके आरोप को खारिज कर देते हैं और इन्हें बहाल कर दिया जाता है इस पंचायत सचिव पर कई बार निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है आखिर इस पंचायत सचिव को बार-बार निलंबन करने के बाद इन पर लगे आरोपों में हेरा फेरी कर इन्हें बहाल कैसे कर दिया जाता है सरकारी खजाने से लूटी गई रकम इनसे रिकवरी क्यों नहीं कराई जाती है इनकी गिरफ्तारी कर इन्हें जेल क्यों नहीं भेजा जाता है यह तमाम सवाल योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर खड़े हो गए हैं लेकिन उसके बाद भी बार-बार ग्राम पंचायत के खजाने को विकास के नाम पर लूटने वाले पंचायत सचिव पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है आखिर किस नेता मंत्री की इन पर मेहरबानी बनी है जिससे यह बेलगाम है बताया जाता है कि सरकारी खजाना लूटने वाला यह पंचायत सचिव सिराथू विकासखंड क्षेत्र के मलाक पिंजरी राघवापुर बरातफरिक तुलसीपुर देवखरपुर काशिया पश्चिम सहित विभिन्न गांव में तैनाती पा चुका है जिस गांव में तैनाती मिली वही घोटाला हुआ घोटाले के बाद निलंबन हुआ लेकिन फिर तैनाती दी जाती है चचाओं पर जाए तो घोटाले बाज पंचायत सचिव ने भ्रष्टाचार से आकुल संपत्ति अर्जित की है और एक पूर्व विधायक का खासम खास बताया जाता है योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात पर यह पूर्व विधायक भारी पड़ते दिख रहे हैं योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात कर रही है और उनके पूर्व विधायक भ्रष्टाचारियों के बचाव में खड़े दिखाई पड़ रहे हैं आखिर योगी सरकार के कानून नियम आदेश की धज्जियां उड़ाने वाले पूर्व विधायक के इस करनामें पर भी क्या पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संज्ञान लेगी या फिर योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त की धज्जियां पूर्व विधायक और उनके खास लोग उड़ाते रहेंगे तो कैसे कानून का पालन होगा कैसे भ्रष्टाचार मुक्त सरकार होगी कैसे आम जनता को न्याय मिलेगा कैसे पारदर्शी तरीके से योजनाओं का संचालन होगा यह तमाम सवाल अधिकारियों के कारनामों के चलते खड़े हो गए हैं बार-बार सरकारी खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव के कारनामे को गंभीरता से लेना होगा और इन पर लगे आरोप की फिर से जांच कर सरकारी रकम की वसूली करना होगा इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजना होगा जिससे भ्रष्टाचार में लगे अन्य लोगों को नसीहत मिल सके।

# मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर एसडीएम ने ताजियादारो एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक



**कौशाम्बी।** आगामी मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर सदर एसडीएम आकाश सिंह एवं सीओ सत्येंद्र तिवारी ने ताजियादारों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। मंझनपुर कोतवाली में ताजियादारो के साथ हुई बैठक में एसडीएम और सीओ ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की है। एसडीएम एवं सीओ को क्षेत्र के लोगों ने अलम व ताजिया निकलने पर होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। एसडीएम एवं सीओ ने लाइट संबंधित समस्या बिजली विभाग और गंदगी की समस्या नगर पालिका व ग्राम प्रधान व अन्य समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## कनिष्ठ लिपिक के पद पर साक्षात्कार 02 जुलाई को

**कौशाम्बी** जनपद कौशाम्बी में स्थापित ए.डी.आर. सेन्टर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संविदा के आधार पर सृजित कनिष्ठ लिपिक के पद पर आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला विधिक सेवा में कनष्ठि लिपिक के चयन के लिए अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया कि जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसर कनिष्ठ लिपिक के चयन के लिए दिनांक 02 जुलाई 2024 को साक्षात्कार एवं टंकण की परीक्षा की तिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सुनिश्चित की की गई है।

## मूरतगंज में जमती है जुआ की फड़

**महगाव कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में मेला बाग के पास जुआरियों का जमघट लगता है दिनदहाड़े बाग के अंदर आधा दर्जन जारी जुआ खेलते दिखाई पड़ते हैं लेकिन स्थानीय चौकी पुलिस मूरतगंज जुआरियों के खेल को नहीं रोक पा रही है मूरतगंज मेला बाग में जुआ खेलते लोगों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें आधा दर्जन जुआरी जुआ खेलते दिखाई पड़ रहे हैं क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जुआ के खेल पर कार्रवाई की मांग की है।

# डाक ही नहीं, बैंकिंग व आधार सेवाएं भी घर बैठे उपलब्ध करा रहा डाकिया : पोस्टमास्टर जनरल

अखंड भारत संदेश

**नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे 1 जुलाई डाककर्मियों की भूमिका में हो रहे तमाम परिवर्तन**



**चिट्ठी-पत्री बाँटने वाला डाकिया हुआ स्मार्ट, हाथ में स्मार्ट फोन व बैग में डिजिटल डिवाइस के साथ नई भूमिका-पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव**

**कौशाम्बी।** नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे 01 जुलाई के अवसर पर भरवारी में डाककर्मियों की भूमिका में हो रहे तमाम परिवर्तन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि विश्व भर में डाक सेवाओं में आमूल चूल परिवर्तन आये हैं। फिजिकल मेल से डिजिटल मेल के इस दौर में डाक सेवाओं में विविधता के साथ कई नए आयाम जुड़े हैं। डाककर्मी सरकारों और आमजन के बीच सेवाओं को प्रदान करने वाले एक अहम कड़ी के रूप में उभरे हैं। ऐसे में 1 जुलाई को पूरी दुनिया में ह्यनेशनल पोस्टल वर्कर्स डेह्न के दिन डाककर्मियों का आभार व्यक्त करने का प्रचलन उभरा है। प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ह्यनेशनल पोस्टल वर्कर डेह्न की अवधारणा अमेरिका से आई, जहाँ वाशिंगटन राज्य के सीऐटल शहर में वर्ष 1997 में कर्मचारियों के सम्मान में इस विशेष दिवस की शुरूआत की गई। धीरे-धीरे इसे भारत सहित अन्य देशों में भी मनाया जाने लगा। यह दिन दुनिया भर में डाककर्मियों द्वारा की जाने वाली सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाककर्मियों की भूमिका में तमाम परिवर्तन आए हैं।डाकिया डाक लायाह्न के साथ ह्यडाकिया बैंक लायाह्न भी अब उतना ही महत्वपूर्ण है। पत्रों व पार्सल के साथ-साथ आधुनिक दौर में लोगों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें पोस्टमैन ही घर-घर वितरित करता है। आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक चेक बुक, एटीएम जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों के प्रसाद, दवाईयां और रक्षाबंधन पर्व पर राखियाँ भी डाकियों द्वारा ही पहुँचायी जा रही हैं ई-कामर्स को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, लेटर बाक्स से नियमित डाक निकालने हेतु नन्यथा मोबाईल एप एवं डाकियों द्वारा एण्ड्रोयड बेस्ड स्मार्ट फोन आधारित डिलीवरी और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना जैसे तमाम कदम डाक विभाग की अभिनव पहल हैं। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग का सबसे मुखर चेहरा डाकिया है। डाकिया की पहचान चिट्ठी-पत्री और मनीऑर्डर बाँटने वाली रही है, पर अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन और बैग में डिजिटल डिवाइस भी है। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक समावेशन के तहत पोस्टमैन चलते-फिरते एटीएम के रूप में नई भूमिका निभा रहे हैं और जन सुरक्षा योजनाओं से लेकर आधार, डीबीटी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ई-श्रम कार्ड, वाहन बीमा, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तक की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। घर-घर जाकर आईपीपीबी के अंतर्गत डाकियों द्वारा घर बैठे 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने के कार्य किए जा रहे हैं। आज भी डाककर्मी जाड़ा, गर्मी, बरसात की परवाह किये बिना सुदूर क्षेत्रों तक डाक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

## संपादक की कलम से

# बदलती भू-राजनीति के बीच कुछ नाटकीय भारतीय बदलाव

'भू-अर्थशास्त्र' शब्द का पहली बार इस्तेमाल एडवर्ड लुटवाक ने 1990 में किया था। लुटवाक ने तर्क दिया कि शीत युद्ध की वैचारिक प्रतिद्वंद्विता की जगह दुनिया भर में आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने ले ली है, जिसमें व्यापार और वित्त सैन्य शक्ति पर हावी हो जाते हैं। भू-अर्थशास्त्र ज्ञान की एक शाखा के रूप में भू-राजनीति से उभरा है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध राजनीतिक संबंधों द्वारा निर्देशित होते हैं।

भारत की भू-आर्थिक और भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बढ़ रही हैं और इसके साथ ही एक ऐसा बदलाव आया है जो नेहरूवादी युग के दौरान बनाए गए लंबे समय से चले आ रहे समय द्वारा परीक्षित पदों और गठबंधनों को चुनौती देता है और जो गणतंत्र के पहले 75 वर्षों में मजबूत हुआ है। भारत के पदों में यह बदलाव संभवतः बेंजामिन नेतन्याहू के इजरायली शासन के साथ बढ़ती निकटता में सबसे अच्छी तरह से देखा जा सकता है, जिस पर गाजा में निरंतर और अथक नरसंहार का आरोप लगाया गया है। भारत में आंतरिक रूप से इस गहरे नीतिगत बदलाव पर पूर्ण सहमति नहीं है।

विदेश नीति, भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र के क्षेत्रों में आम सहमति की आवश्यकता शायद कम महसूस की जाती है, जिनमें से सब देश में चर्चा का विषय नहीं हैं। आम नागरिक या छात्र आम तौर पर विदेश नीति, व्यापार संबंधों या राजनीतिक झुकाव और अर्थशास्त्र के साथ उनके अंतर्संबंधों की बारीकियों में शामिल नहीं होते हैं। फिर भी, इस बदलाव के महत्व को रेखांकित करने की आवश्यकता है। साथ ही भारत में स्पष्ट रूप से चल रहे पुनर्रेखण पर बहस या आम सहमति की कमी भी है। यह वैश्विक मामलों में एक कठिन समय में आया है।

गौर करें कि पिछले महीने जारी की गई 2023-24 की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन और इससे होने वाली अक्षमताओं पर जोर दिया गया है, जो एक ऐसी दुनिया में आती है जहां वैश्वीकरण पीछे हटता हुआ दिखाई देता है। 30 मई, 2024 की आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट (भाग 1: मूल्यांकन और संभावनाएं, पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बार) में 'भू-राजनीतिज और 'भू-अर्थशास्त्र' शब्द 16 बार दिखाई देते हैं, जो इस बात का संकेत है कि भू-राजनीति की मांगों और आवश्यकताओं के संदर्भ में राजनीति द्वारा अर्थशास्त्र को कैसे बाधित किया जा रहा है। जोर (या कुछ लोग इसे बहुत जोर कह सकते हैं) हमें बताता है कि मुद्दों का एक पूरा दायरा, जैसे कि बाहरी क्षेत्र जिसमें व्यापार, पूंजी प्रवाह और मुद्रा की चाल, कच्चे तेल की कीमतें और उनकी चाल, वैश्विक वित्तीय बाजार, वैश्विक मुद्रास्फीति और विदेशी मुद्रा बाजार शामिल हैं, वैश्विक स्तर पर इतने गहराई से जुड़े हुए हैं कि वैश्वीकरण के सिद्धांतों से हटकर वैश्वीकरण के युग में जाने से बड़ी नई और गंभीर आर्थिक चुनौतियां आएंगी।

फिर भी, ये चुनौतियां एक ऐसे विश्व में आ रही हैं, जहां तनाव बढ़ रहा है और सीमाएं बंद होने का खतरा, राष्ट्रीय एजेंडा का सुदृढ़ीकरण और वैश्वीकरण तथा बहुपक्षवाद के विरुद्ध एक मजबूत राष्ट्र-राज्य की प्राथमिकताएं बढ़ रही हैं।

जैसा कि आरबीआई की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है- 'समकालिक मौद्रिक नीति में सख्ती के साथ-साथ भू-राजनीतिक संघर्षों के बढ़ने के कारण अस्थिरता बढ़ने के बीच वैश्विक वित्तीय स्थितियां कठिन हो गई हैं।'

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ के अनुसार, 'हम देखते हैं कि पहले से ही व्यापार और निवेश प्रवाह भू-राजनीतिक रेखाओं के साथ पुनर्निर्देशित किए जा रहे हैं।' स्टैनफोर्ड इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक पॉलिसी रिसर्च में अपने मई 2024 के भाषण ('भू-राजनीति और वैश्विक व्यापार और डॉलर पर इसका प्रभाव') में उन्होंने कहा कि व्यापार तनाव बढ़ने के बाद 2017 और 2023 के बीच अमेरिकी आयात में चीन की हिस्सेदारी में आठ प्रतिशत अंकों की गिरावट आई है और चीन के निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी में लगभग चार प्रतिशत अंकों की गिरावट आई है।

यूक्रेन के साथ संघर्ष और उसके बाद रूस पर प्रतिबंधों के बाद रूस और पश्चिम के बीच सीधा व्यापार ध्वस्त हो गया।

**भू-राजनीतिक तनाव बेशक नए नहीं हैं; वे विश्व युद्धों के दौरान सामने आए।**

इसका आर्थिक परिणाम विदेशी व्यापार, सीमा पार पूंजी प्रवाह, मुद्रा चाल और श्रम के प्रवास के पैटर्न और दिशाओं में प्रकट हुआ। सोवियत संघ (यूएसएसआर) का पतन, एक नई आर्थिक शक्ति के रूप में चीन का उदय, यूरोपीय संघ का गठन, एक आधिपत्य के रूप में यूएसए का उदय और सबसे हाल ही में, इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर नए सवाल ने, जिन्हें नरसंहार के रूप में देखा जा रहा है, विश्व राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में एक प्रतिमान परिवर्तन किया है, जिससे बहुपक्षीय सहयोग और आर्थिक शासन की बहुपक्षीय प्रणालियों को खतरा पैदा हो गया है।

परिणामस्वरूप इन घटनाक्रमों ने अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। विश्व आर्थिक व्यवस्था विकास और कल्याण-उन्मुख कार्यक्रमों पर सार्वजनिक व्यय से रक्षा व्यय के उच्च स्तर पर परिवर्तन का सामना कर रही है।

## मानसून के कारण देश के कई हिस्सों में डेंगू का प्रकोप, डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

नई दिल्ली। एक तरफ जहां मानसून ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है, वहीं कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र समेत देश के कई हिस्सों से डेंगू के बढ़े हुए मामले सामने आए हैं। डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की सलाह देते हुए लोगों को समय रहते इसका पता लगाने की जरूरत पर जोर दिया है। डेंगू एक वेक्टर जनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से फैलती है। मच्छर गर्म और नम वातावरण में पनपते हैं और इस बीमारी को जन्म देते हैं। इस बीमारी का प्रकोप 100 से ज?यादा देशों में देखा जाता है। मदरहुड हॉस्पिटल्स बनशंकरी बेंगलुरु में सीनियर कंसल्टेंट और लीड पीडियाट्रिक्स एंड नियोनेटोलॉजी संतोष कुमार ने आईएएनएस को बताया, "बच्चों में पिछले सालों की तुलना में अलग-अलग तरह के डेंगू बुखार होने का जोखिम अधिक है। पारंपरिक रूप से बुखार की बीमारी थोड़े समय के लिए होती है, इसमें उल्टी और पेट में दर्द, भूख में कमी और मांसपेशियों में दर्द होता है। लेकिन इस मौसम में असामान्य ऊपरी श्वसन संक्रमण और गैस्ट्रोएंटेराइटिस वाले बच्चे भी डेंगू पॉजिटिव होते है।" कर्नाटक में डेंगू के 5,374 मामले सामने आए हैं, इनमें से पांच की मौत हुई है। वहीं ,तेलंगाना में 882, ओडिशा में 288, केरल के एनार्कुलम में 400 मामले और आंध्र प्रदेश में डेंगू और मलेरिया दोनों के ही मामले सामने आए हैं।

तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और दाने जैसे लक्षण डेंगू के शुरूआती संकेत हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि डेंगू बुखार आमतौर पर सभी को होता है और इसका शीघ्र पता लगाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा वैसे तो यह मुख्य रूप से खुद ही ठीक हो जाता है, लेक?न कई बार यह भयानक रूप ले लेता है, जिसे डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम के रूप में भी जाना जाता है।

लगातार उल्टी, पेट में दर्द, म्यूकोसल रक्तस्राव और रक्त संचार विफलता के लक्षण डेंगू के अधिक गंभीर मामले का संकेत हो सकते हैं।

बेंगलुरु के एस्टर आर.वी. अस्पताल प्रमुख, इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट अरविंदा एस.एन. ने आईएएनएस को बताया, "प्रारंभिक निदान से इन लक्षणों को कम करने के लिए समय पर दवाइयां दी जा सकती हैं, इससे रोगी को आराम मिलता है।"

# नीट पेपर से लेकर छतों तक ' लीक ' ही ' लीक '

**@ राकेश अचल**

हम जब बच्चे थे तब जिस ' लीक ' के बारे में जानते थे,वो आजकल के 'पेपर लीक' और 'छत लीक' से एकदम अलग थी। अंग्रेजी की ' लीक ' और हिंदी की ' लीक ' में जमीन -आसमान का अंतर होता है। अंग्रेजी की ' लीक ' को हमारे यहां हिंदी में ही नहीं बल्कि बुंदेलखंडी में भी 'टपकना' या 'चूना' कहते है। हमारे यहां 'लीक' का दूसरा अर्थ 'पगडण्डी' भी होता है और एक अर्थ सिर में पड़ने वाले जुओं के बच्चे भी होते हैं। ये सफेद रंग के होते हैं। कहावत है कि-

लीक लीक गाड़ी चले और लीक चले सपूत,
लीक छोड़ तीन ही चलें सागर, सिंह , कपूत।

आज दुर्भाग्य से कहिये या सौभाग्य से ' लीक ' यानि लीकेज एक राष्ट्रीय समस्या है। सड़क से लेकर संसद तक इस लीक की चर्चा हो रही है। लेकिन संसद में लीक पर चर्चा की इजाजत देने के बजाय बहस की मांग करने वाले विपक्ष के नेता का माइक तक बंद किया जाने लगा है। अर्थात अभिव्यति की स्वतंत्रता या अधिकार का गला घोंटा जा रहा है। गला घोंटना एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय न्याय संहिता के तहत तहत किस धारा में अपराध होता है ये अभी मुझे पता नहीं ,क्योंकि मैंने जो संहिता अपने पाठ्यक्रम में पढ़ी थी वो भारतीय दंड संहिता थी।

सबसे पहले अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर की छत से होने वाली लीकेज की बात की जाये । चूंकि हम अयोध्या से सैकड़ों किमी दूर बैठे हैं इसलिए हमें सच्चाई का पता नहीं है, लेकिन जो तस्वीरें वायरल हुई हैं उनकी बिना पर हम कह रहे हैं कि राम जी के मंदिर की छत लीक हो रही है । लेकिन मंदिर के ट्रस्टी कह रहे हैं कि -ये अफवाह है। अब हम तस्वीरों को सही मानें या ट्रस्टियों की बात को ये भी हमें पता नहीं है कि इन दोनों में से कौन सा साक्ष्य नए साक्ष्य संहिता की किस धारा के तहत आता है ?

वैसे अयोध्या में राम मंदिर के लीकेज से पहले यहां भाजपा की छत में भी लीकेज हुआ है और राम जी ने इसकी सजा भाजपा को यानी मंदिर निर्माण करने वाली राष्ट्रहितैषी पार्टी को चुनाव हारकर दे दी है। ये बात और है की भाजपा इस सजा को भी राम जी का प्रसाद और अनुकम्पा मानती है। ये भाजपा की और चम्पत राय की दरियादिली है। आजकल की अदावत की राजनीति में दरियादिली की सख्त जरूरत है। विपक्ष ने भी लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान न कराकर दरियादिली का मुजाहिरा किया ही है।

अयोध्या से यदि आप दिल्ली आएं तो यहां अंतर्राष्ट्रीय इंदिरा गाँधी हवाई अड्डे पर टर्मिनल -1 की छत लीक हो रही है और पार्किंग की छत तो टपक ही गयी। मेरा मानना है कि इसके लिए इंदिरा गाँधी ही जिम्मेदार निकलेंगी। यदि उनके नाम की वजाय ये हवाई अड्डा किसी भाजपा नेता के नाम पर होता तो शायद न छत लीक होती और न छत टपकती। वैसे पीने के पानी को लेकर हाय ! हाय !! कर रही पूरी दिल्ली ही इस समय लीक हो रही है। आम आदमी से लेकर खास आदमियों के घर में पानी घुस चुका है। सड़कें यमुना की सगी बहनों की तरह सड़कों पर बह रही है। किसी की क्या मजाल की कोई




इस पानी को रोक सके । पानी को रोकने के लिए तो कोई स्विच भी नहीं होता अन्यथा सरकार ओम बिरला ने जिस तरह से राहुल गांधी की बोलती बंद कर दी ठीक उसी तरह पानी की बोलती भी बंद करा देती।

लीकेज और टपका-टपकी केवल दिल्ली का ही मसला नहीं है। हमारे मध्यप्रदेश में जहां डबल इंजिन की सरकार है वहां भी जबलपुर में हवाई अड्डे का पोर्च एक कर के ऊपर आ गिरा। कार का कचूमर निकल गया ठीक उसी तरह जिस तरह देश की जनता का कचूमर पिछले एक दशक से निकल रहा है और जनता है कि मुस्कराये जा रही है ,फिर से पुरानी सरकार को सत्तारूढ़ देखकर। अब जबलपुर में हवाई अड्डे का पोर्च टपकने के लिए हमारे पहलवान मुख्यमंत्री डॉमोहन यादव को तो जिम्मेदार ठहराया नहीं जा सकता । इसके लिए तो पूर्व के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ही दोषी माना जाना चाहिए ,लेकिन कर-चोर मौसेरे भाई होते है। कौन -किसे जिम्मेदार ठहराए इसको लेकर भी विवाद खड़ा हो सकता है।

अब आइये बिहार चलते हैं। यहां नालंदा विश्व विद्यालय को नव जीवन दिया गया है। यहां से ही नीट का पेपर लीक हुआ है जो हमारी मोशा सरकार के गले की हड्डी बन गया है। चूंकि बिहार सरकार की बैशाखी पर मोशा की सरकार टिकी है इसलिए नीट पेपर लीक को लेकर सरकार संसद में बहस करने से कन्नी काट रही है। कन्नी होती ही काटने के लिए है। बिहार में पेपर ही लीक नहीं होते बल्कि पूरे के पूरे पुल ही बह जाते है। अभी तक तीन-चार पुल तो बह चुके हैं। अब भाजपा और जेडीयू के बीच जो नया पुल बना है वो कितने दिन टिकेगा इसकी गारंटी कोई नहीं दे सकता। माननीय गारंटी महोदय भी नहीं। बिहार का और गारंटी का कोई रिश्ता नहीं है। बिहार न नीतीश कुमार की गारंटी दे सकता है और न तेजस्वी यादव की। चिराग पासवान हों या जीतन माझी। कोई भी गारंटी देने का खतरा मोल नहीं ले सकते। पता नहीं कब,किसे ,किसके साथ खड़ा होना पड़े ?

वैसे लीकेज सचमुच है ही विश्वव्यापी समस्य । आपको याद है न कि एक विकीलीक्स हुआ करती है ,जो दुनिया भर की सरकारों के बारे में न जाने क्या-क्या लीक करती रहती है। विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे हैं। वे अक्सर जेल आते-जाते रहते हैं। पिछले दिनों अमेरिका ने उन्हें अपनी जेल से रिहा कर दिया। अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुई डील के बाद उन्हें लंदन की हाई सिक्योरिटी जेल से छोड़ दिया गया है। रिहाई के बाद असांजे अपने मूल देश ऑस्ट्रेलिया चले गए। लेकिन हमारे देश में किसी भी लिक्बाज को न पकड़ा जाता है और न सजा होती है ,क्योंकि हमारे यहां लीक करना एक कुटीर उद्योग है। ये यूपी,बिहार,मध्यप्रदेश,राजस्थान ही नहीं बल्कि दिल्ली तक में बाकायदा सरकारी संरक्षण में पनपता है ,भले ही सरकार कांग्रेस की हो या भाजपा की। लीकेज का धंधा बिना सरकारी सांरक्षण के चल ही नहीं पाता ,लेकिन इस हकीकत को हमारी संसद सुनना नहीं छति और सरकार स्वीकार करना नहीं चाहती।

मेरा तो मशवरा है कि न सिर्फ केंद्र में बल्कि राज्य में लीकेज की समस्या को देखते हुए एक पृथक मंत्रालय की स्थापना कर देना चाहिए। एक अलग मंत्री लीकेज के मामले को देखे । रोज-रोक सीबीआई कहाँ तक लीकेज के मामले दिखेगी ? सीबीआई के पास विपक्षियों की धर-पकड़ का इससे ज्यादा महत्वपूर्ण काम पहले से ही है। मै तो कहता हूँ कि उन्हें भी लीकेज के मामले में संसद पर बहस करने पर जोर नहीं देना चाहिए,उन्हें सड़कों पर उत्तर कर पीड़ितों के बीच खड़े होकर संसद के बाहर लीक काण्ड पर बहस करना चाहिए। संसद भीतर की बहस से नहीं बल्कि बाहर होने वाली बहस से हिलती है। भीतर तो उनका माइक सरकार बंद करा सकती है किन्तु बाहर ऐसा करना सरकार के लिए भी मुमकिन नहीं है।

आपकी हो या न हो किन्तु मेरी स्पष्ट धारणा है कि देश की संसद हो या सरकार ,पुल हो या हवाई अड्डा, परीक्षा हो या चुनाव सबके सब लीक प्रूफ होना चाहिए। लीकेज को राष्ट्रीय उद्योग न बनाकर राष्ट्रीय अपराध बनाया जाना चाहिए। वैसे केंद्र और राज्य सरकारों ने ऐसे कानून एहतियात के तौर पर बनाये हैं, सरकार चाहे तो इन लीकबाजों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता में भी तरमीम कर सकती है और इसके आरोपियों के खिलाफ बुलडोजरों का इस्तेमाल भी कर सकती है, लेकिन मुझे पता है कि ऐसा करने के लिए चार सौ पार वाली सरकार चाहिए। 240 पार वाली सरकार ये सब नहीं कर सकती। बहरहाल हम देश के नौजवानों के लिए प्रार्थना ही कर सकते हैं कि उनकी परीक्षाओं के पेपर लीक न हों । हम देश के हवाई अड्डों, पुलों, मंदिरों और नई नवेली संसद के लिए भी प्रार्थना ही कर सकते हैं कि वे न लीक हों और न टपकें और न बहें। हम नहीं जानते कि प्रार्थनाओं में कितना दम होता है, लेकिन हमें इसके अलावा कुछ और आता ही कहाँ है ?

## विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

**- अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

केंद्र में सत्तारुढ़ एनडीए सरकार की सहयोगी जनता दल (यू) द्वारा एक बार फिर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की गई है। गत दिवस संपन्न पार्टी कार्यकारिणी की मीटिंग में जनता दल (यू) द्वारा जोर देकर कहा गया है कि बिहार के विकास के लिए स्पेशल स्टेट्स और विशेष आर्थिक पैकेज मिलना जरुरी है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र की सरकार अपने सहयोगी की मांग को कितना तवज्जो देती है। बहरहाल गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की गई है। 2009 में बिहार विधानसभा और 2010 में विधानपरिषद ने सर्वसम्मति से विशेष राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया। उसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने 23 मार्च 2011 को इस मांग के समर्थन में प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। 14 जुलाई 2011 को शरद यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा जिसमें सवा करोड़ लोगों के हस्ताक्षर थे। 4 नवंबर 2012 को पटना के गांधी मैदान में जनता दल (यू) ने महारैली कर विशेष राज्य की दर्जे की मांग का एलान किया और उस मांग के समर्थन में 17 मार्च, 2013 को दिल्ली के रामलीला मैदान में भी रैली की। उसके बाद जून 2013 में जनता दल (यू) ने भारतीय जनता पार्टी से इसलिए नाता तोड़ लिया कि केंद्र की मनमोहन सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे देगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मई 2013 में केंद्र सरकार ने तत्कालीन आर्थिक सलाहकार रघुरामराजन की अध्यक्षता में राज्यों को पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के मदों से आवंटन हेतु समेकित विकास सूचकांक के निर्माण के लिए एक छः सदस्यीय समिति का गठन किया। शैबल गुप्ता, भरत रामास्वामी, नजीब जंग, नीरजा जी जायल और तूहीन पांडे इस समिति के सदस्य थे। समिति ने सितंबर माह में वित्त मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट में राज्यों को धन उपलब्ध कराने के लिए बहुआयामी सूचकांक की नयी प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया। लेकिन इस कवायद के बाद भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। गौर करें तो मौजूदा समय में विशेष राज्य दर्जा प्राप्त राज्यों की संख्या 11 है। ये राज्य हैं-नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू एवं कश्मीर। ध्यान दें तो विशेष दर्जा प्राप्त ये सभी राज्य पहाड़ी हैं और पिछड़ेपन होने की सभी शर्तों को पूरा भी करते हैं। गौर करें तो विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने के दो आधार बनाए गए हैं। एक, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का मानक और दूसरा योजना आयोग का। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार उन्हीं राज्यों को पिछड़ा माना गया है जिनका कमजोर संसाधन आधार और कमजोर अधिसंरचना है। जो भौगोलिक अलगाव और अगम्य भू-क्षेत्र में स्थित हैं। जबकि योजना आयोग की शर्तों के मुताबिक उन राज्यों को पिछड़ा माना गया जो पहाड़ी क्षेत्र में स्थित हैं, जिनकी निम्न जनसंख्या घनत्व है, जिनकी स्थिति पड़ोसी देशों की सीमाओं पर है और जिनकी राजकीय वित्त व्यवस्था कमजोर है।

केंद्र सरकार द्वारा संसाधनों के वितरण में विशेष दर्जा वाले राज्यों को अतिरिक्त आर्थिक मदद दी जाती है, ताकि आर्थिक असमानता और क्षेत्रीय असंतुलन दूर किया जा सके। इन राज्यों को 90 प्रतिशत केंद्रीय अनुदान और शेष 10 प्रतिशत ब्याजमुक्त कर्ज प्राप्त होता है। इसके अलावा उन्हें उत्पाद शुल्क में भी रियायत मिलती है ताकि वहां पूंजी निवेश हो सके। योजना व्यय के लिए केंद्र सरकार की सकल बजट योजना का 30 प्रतिशत हिस्सा भी उन्हें प्राप्त होता है। इन राज्यों में उद्योग लगाने के लिए उद्योगपतियों को भारी प्रोत्साहन मिलता है। 12 वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र सरकार को सिर्फ अनुदान देना चाहिए और यह राज्यों के उपर छोड़ देना चाहिए कि वे बाजार से कितना कर्ज लेना चाहते हैं। तब से विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90 प्रतिशत अनुदान और 10 प्रतिशत ब्याजमुक्त कर्ज का फामूर्ला यथावत है। सामान्य श्रेणी के राज्यों के लिए ऋणों और अनुदानों के बीच वही अनुपात है, जिस अनुपात में वह केंद्र को प्राप्त होता है। हालांकि 13 वें वित्त आयोग ने विशेष श्रेणी के राज्यों को अतिरिक्त संसाधन सहायता उपलब्ध कराने की सिफारिश के साथ ही यह भी सुझाव दिया कि केंद्र को 30.5 प्रतिशत के बजाए 32 प्रतिशत की राशि राज्यों की झोली में डालना चाहिए। उसने केंद्र से कुल राजस्व से राज्यों को मिलने वाला हिस्सा भी 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 39.5 प्रतिशत किए जाने की भी शिफारिश की। गौरतलब यह कि बात चाहे विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों की हो या अन्य राज्यों की सभी आर्थिक बदहाली के संकट में हैं। विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों का औद्योगिक राज्य बनने का सपना पूरा नहीं हो पाया है। असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर तथा जम्मू-कश्मीर समेत अन्य विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों पर भारी कर्ज है। तीन पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए कई योजनाएं बनी। निवेशकों को आकर्षित करने तथा रोजगार सृजित करने के लिए टैक्स में भारी कमी की गयी।

# क्रिकेट की विश्वगुरु टीम को सलाम




**@ राकेश अचल**

एक लम्बे अरसे से न क्रिकेट का खेल देखा और न इसके बारे में लिखा। वैसे भी क्रिकेट के बारे में मेरा ज्ञान लगभग शून्य ही है। एक जमाना था जब जनसत्ता के हमारे सम्पादक स्वर्गीय प्रभाष जोशी ने मुझसे क्रिकेट के ग्वालियर में हुए अनेक अंतर्राष्ट्रीय मैचों का कव्हरेज जबरन कराया था। शनिवार की रात अमेरिका में टी-20 क्रिकेट का फाइनल देख रहे मेरे बेटे ने मुझे एक बार फिर खेल देखने के लिए प्रेरित किया और युगों बाद मैंने न केवल पूरा मैच देखा बल्कि उन स्वर्णिम क्षणों का साक्षी भी बना जो हर हिंदुस्तानी के लिए गौरव के क्षण कहे जा सकते हैं। दरअसल पिछले अनेक वर्षों से सम-सामयिक विषयों पर लिखते-लिखते मेरी खेलों से रूचि लगभग समाप्त हो गयी थी। खेलों में राजनीति ने भी इसमें अपनी भूमिका निभाई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर थैली शाहों के बेटों को देखकर क्रिकेट के भाग्य पर तरस आता है। आप आश्चर्य करेंगे कि मै अभी तक अपने शहर में बनाये गए नए क्रिकेट स्टेडियम को देखने तक नहीं गया, क्योंकि हमारे यहां भी क्रिकेट एक परिवार की दासी बनी हुई है। लेकिन शनिवार की रात मुझे लगा कि हम भले ही राजनीति में विश्व गुरु न बने हों किन्तु क्रिकेट के खेल में तो आज विश्व गुरु हैं, और इसका श्रेय किसी मोशा की जोड़ी को नहीं बल्कि उन क्रिकेटरों को जाता है जो सचमुच भारत के मान-सम्मान के लिए खेलते हैं। फाइनल मैच की कमेंट्री पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू कपिल शर्मा शो के जज की ही तरह फुल फार्म में कर रहे थे। चूंकि भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था इसलिए मुझे भी मैच ने बाँध लिया। एक लम्बे अरसे बाद मुझे चौके और छक्के देखने का रोमांच हुआ। मैच में हालांकि रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके, मगर उसके बार विराट कोहली और अक्षर पटेल के बीच 72 रन की साझेदारी ने टीम इंडिया की मैच में वापसी कराई। अक्षर पटेल ने 31 गेंद में 47 रन और विराट कोहली ने 59 गेंद में 76 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने भी 16 गेंद में 27 रन की पारी खेलकर भारत को 176 रन तक पहुंचने में मदद की। नवजोत सिंह का अनुमान था कि भारत 180 रन का लक्ष्य पार कर लेगा लेकिन भारत ये लक्ष्य पाने से 4 कदम पीछे रह गया। अमूमन रात को 10 बजे सो जाने वाले इस बन्दे ने पूरे साहस के साथ फाइनल मैच देखा। मेरे ख्याल से दक्षिण अफ्रीका के लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही क्योंकि रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडन मार्करम चार-चार रन बनाकर आउट हो गये। लेकिन क्विंटन डी कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका की मैच में वापसी करवाई बल्कि मैच के रोमांच को भी बनाये रखा। स्टब्स ने 21 गेंद में 31 रन और डी कॉक ने 31 गेंद में 39 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासेन तब बैटिंग के लिए क्रीज पर उतरे जब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 70 रन बना लिए थे। क्लासेन ने यहां से ताबड़तोड़ बैटिंग शुरू की और उन्होंने मात्र 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 2 चौके और 5 छक्के लगाकर अपना अर्धशतक पूरा कर दिखाया। क्लासेन ने 27 गेंद में 52 रन बनाए। 15वें ओवर में क्लासेन ने अक्षर पटेल के 24 रन बटोरे जहां से मैच पूरी तरह पलटा हुआ नजर आने लगा था। भारत ने गेंदबाजी के दम पर वापसी की वो भी आखिरी 4 ओवरों में।

जैसा कि आप सभी ने देखा होगा कि 16 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना लिए थे। अफ्रीका को आखिरी 4 ओवर में जीत के लिए 26 रन बनाने थे। 17वें ओवर की पहली ही गेंद पर हार्दिक पांड्या ने क्लासेन को आउट कर दिया। अगले 2 ओवरों में सिर्फ 6 रन आए। 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने केवल 4 रन दिए, जिससे मैच का रुख भारत की ओर हो गया। आखिरी ओवर में हार्दिक पांड्या ने केवल 8 रन देकर भारत की 7 रन से जीत सुनिश्चित की।पूरे सत्रह साल बाद मिली इस विजय से मुझे एक बार लगा कि जैसे ये एक सपना है, लेकिन बारबाडोस से लेकर दिल्ली और ग्वालियर में जब आधी रात को जश्न शुरू हुआ तो यकीन करना ही पड़ा कि हम क्रिकेट के विश्व गुरु फिर बन गए हैं। इतना जश्न देश में एनडीए गठबंधन की सरकार के तीसरी बार सत्ता में वापस लौटने के बाद भी शायद नहीं मनाया गया था। दरअसल खेलों में खिलाडी पुरुषार्थ दिखाते हैं।

खेलों में अदावत नहीं होती, प्रतिस्पर्द्धा होती है। खेलों में कोई फैसला संसद की तरह ध्वनिमत से नहीं होता। मै भारतीय क्रिकेट टीम की इस महान उपलब्धि से गदगद हूँ। मै हमेशा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ की वो हमारे देश की सियासत को अदावत से बचाकर उसमें प्रतिस्पर्द्धा और खेल की भावना भर दे। सियासत में भी नेता अपनी पारी समाप्ति की घोषणा खुद करें।

# सिजेरियन प्रसव को न करें रेफरः डीएम

## डीएम ने की स्वास्थ्य समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला स्वास्थ्य समिति/शाषी निकाय की बैठक में पूर्व निर्णय अनुपालन आख्या पर चर्चा की। निर्देश दिये कि सिजेरियन प्रसव को रेफर न करें। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं को कम्प्यूटराइज्ड करें। आउट सोर्स से कार्यरत कर्मियों के ईपीएफ भुगतान को कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय को पत्र भेजा जाये।


बैठक में निर्देश देते डीएम।

रविवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कार्यक्षेत्र में न रहने वाली आशाओं पर कार्यवाही को कहा। एमसीएच विंग में आरओ प्लांट की व्यवस्था एसबीआई से करायें। जिला क्षयरोग अधिकारी को निर्देश दिये कि टीबी नोटिफिकेशन बढ़ायें। शत-प्रतिशत भुगतान करें। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिये कि संस्थागत प्रसव जिले में कितने हो रहे हैं, कितने बाहर- सूची बनायें। प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि आशा व एएनएम से सही कार्य करायें। प्रसव लाभार्थियों के भुगतान बाबत सीएमओ को निर्देश दिये कि जिनके प्रसव हो गये हैं, समय से भुगतान करायें। फैमिली प्लानिंग बाबत सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो लक्ष्य मिला है, उसे प्राप्त करें। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिन केंद्रों को आशा नामित है, उन केंद्रों पर रहें। इसकी जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्साधिकारी की होंगी। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृत पाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, सीएमएस श्रीमती वंदना, एसीएमओ, डीपीओ आरके करवरिया, संतोष कुमार, एमके जतार्या, डीपीओ पीड़ी विश्वकर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों को नये कानून का पढ़ाया पाठ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में नये कानून बाबत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में सीओ सिटी राजकमल की मौजूदगी में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त, अभियोजन अधिकारी बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह ने थाना/कार्यालय में तैनात 140 पुलिस कर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धाराओं बाबत विस्तार से पाठ पढाया।


पाठ पढाते सीओ सिटी।

## कुबरी गांव में समाजसेवी कर रहे पेयजल आपूर्ति

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के रानीपुर गांव के कुबरी मजरा में ग्रामीण पानी की किल्लत से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। प्रधान-सचिव ने 27 जून से टैंकर से पेयजल की आपूर्ति बन्द कर दी है। गांव में पानी की समस्या देख समाजसेवी संतोष कुमार यादव ने निजी खर्च से टैंकर से पेयजल शुरू कराया है। प्रधान-सचिव की लापरवाही से कुबरी गांव में बूंद-बूंद पानी को ग्रामीण भटक रहे हैं।

रविवार को मानिकपुर ब्लाक के कुबरी गांव में पेयजल का भीषण संकट है। प्रधान-सचिव ने टैंकर से पेयजल की आपूर्ति 27 जून से बन्द करा दी है। अब समाजसेवी संतोष यादव निजी खर्च से लोगों को पेयजल सुलभ करा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल सुलभ कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। प्रशासन अपने कार्य को नहीं कर रहा। इससे ग्रामीणों में रोष है।

# मन की बातः एक भारत-श्रेष्ठ भारत संकल्प को देगा साकार रूप : आलोक पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा ने 11 मंडलों के 124 शक्तिकेंद्रों के 851 बूथों पर रविवार को मन की बात में सहभागी बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद विचार सुने।

रविवार को मन की बात में अलग-अलग स्थानों पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, जिला संयोजक मन की बात आलोक पाण्डेय, सह संयोजक अखिलेश रैकवार, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी सहभागी बने।


मन की बात सुनते भाजपाई।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने मन की बात के बाद कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया। कहा कि वोटरों को जागरूक कर जातिवादी, वंशवादी राजनीति को समाप्त करना है। वोटबैंक तुष्टीकरण की राजनीति खत्म करना है। मन की बात से प्रेरणा लेकर सबको नवाचार का प्रयास करना है। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि जनता के सपनों को भाजपा की डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ को जन-जन से संवाद कर अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत बनाने के सहभागिता में योगदान करना है। मन की बात संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मन की बात विचारों के प्रवाह का माध्यम है। मन की बात से देशभर में चल रहे सकारात्मक प्रयास जन-जन तक पहुंचते हैं। मन की बात जन जागरण का जीवंत आन्दोलन है। मन की बात एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार रूप देने में सहायक है। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात युवा, छात्र, किसान सभी को प्रेरणा देता है। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, अश्विनी अवस्थी, आनंद पटेल, विकास पाण्डेय, भगवानदीन, रमाकांत पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्र, विनोद पाण्डेय, शक्ति सिह, सच्चिदानंद गर्ग, आशीष पाण्डेय, योगेन्द्र सिंह, मोहनदास, प्रदीप सिंह, रामप्रताप, सुरेश, महेन्द्र, शेराखान, ब्रजेन्द्र आदि अलग-अलग स्थानों पर सहभागी हुए।

## क्षतिग्रस्त सडक नहीं बनने दे रहे कास्तकार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ अंबेडकर नगर वार्ड एक में पहले से बनी सडक कास्तकारियों की जमीन को छोड़ के बनाई थी। इस समय सडक क्षतिग्रस्त है। कास्तकारियों की ओर से बनाई सडक का नवीनीकरण व नाली निर्माण हो रहा है।

रविवार को सडक में सरकारी हैंडपंप से लेकर शिवजी मंदिर होते हुए सार्वजनिक कुआ चंद्रशेखर आजाद के घर से गोली मास्टर के घर तक 40 से 50 मीटर सडक कास्तकार बनने नहीं दे रहे। नगर पंचायत मऊ/तहसीलदार मऊ/एसडीएम के संज्ञान में मामला है। 27 जून को नगरवासियों के साथ मऊ तहसीलदार को पत्र सौंपा था। उन्होंने 24 घंटे में निरीक्षण कर समस्या समाधान का भरोसा दिया था। अभी तक कुछ नहीं हुआ। निरीक्षण करने तक नहीं आये। कुछ दलाल भी चाहते हैं कि सडक न बने। सडक बनवाने बाबत सभी का सहयोग होता है। दलित बस्ती में रोड-नाली निर्माण बरसात के पहले हो जाये तो लोगों को सुविधा हो जायेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य निर्मला भारतीय एड ने कहा कि सडक बनने से सभी को लाभ होगा।

# सकरौंहा गांव के हाल-बेहालः कमीशनखोरी का खेल

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के सकरौंहा गांव समस्याओं से घिरा हुआ है। प्रधान-सचिव का गांव की जनता से कोई मोह नहीं है। रविवार को सकरौंहा गांव की ग्रामीणों ने पोल खोली। बताया कि सड़कें, नालियां, बारात घर सभी जगह गन्दगी फैली है। नालियां गन्दगी से बजबजा रही हैं। गांव के चारों ओर कीचड़ व बारात घर के कमरों में भूरा रखने का अड्डा बना है। प्रधान-सचिव-सफाई कर्मचारी सभी गायब रहते हैं। संबंधित अधिकारी मौन साधे हैं। गांव की तस्वीरे गवाह हैं कि गांव में कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं देता। गांव की जनता कीड़े-मकौडे की जिंदगी जी रहे हैं। गांव के मुख्य मार्ग पर कई वर्षों से बड़े-बड़े गड्ढे हैं। गांव की पूरी सड़क क्षतिग्रस्त है।


गांव की गलियों में फैली गन्दगी।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अधिकारियों से गड्ढों को भरने व मुख्य मार्ग की सड़क बनाने की मांग की है। अधिकारी जिम्मेदारी से भागते नजर आ रहे हैं। प्रधान से गांव का कोई लेना-देना नही है। ग्रामीणों की समस्याओं पर अधिकारी कब ध्यान देंगे।

## करंट से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के हर्रा गांव के शिवशरन रैकवार (48) पुत्र शम्भू गांव के नरेन्द्र कोटेदार के यहां लोहे के पाइप लगाकर छाया बना रहा था। छाया बनाते समय पास से निकली ग्यारह हजार लाइन से पाइप छू जाने से करंट की चपेट में शिवशरन आ गया। ग्रामीणों ने टैंक्ट्रर से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाये। डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक बेटी अंजना व दो बेटे अजय व विजय हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। पत्नी बिट्टी का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक मजदूरी कर जीवनयापन करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# एक निरीक्षक-चार दरोगाओं को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुये एक निरीक्षक गोपनीय व चार दरोगाओं को भावभीनी विदाई दी गई।

रविवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस विभाग से सेवा पूर्ण करने वाले एक निरीक्षक गोपनीय व चार दरोगा की विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त होने वाले निरीक्षक गोपनीय विजयभान सिंह, दरोगा कमलेश्वर तिवारी, दरोगा हरीशचन्द्र मिश्रा, दरोगा सूर्य प्रशान्त दुबे, दरोगा अब्दुल सलाम को फूलों की माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक गोपनीय व दरोगाओं को अधिकारी-कर्मचारियों ने नास्ता कराकर मुंह मीठा कराया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त निरीक्षक व दरोगाओं से कहा कि सब लोगों ने पुलिस विभाग को जीवन का अमूल्य समय दिया है। सभी का आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की व्यस्त जीवन से विदा हो रहे हैं। सभी लोग ज्यादा समय बच्चों व परिवार के साथ बितायें। घर जाकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरन्तर व्यायाम करते रहें। पुलिस विभाग की ओर से सभी के सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की कामना करते हैं।


विदाई देते एसपी आदि।

इस मौके पर सीओ मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रधान लिपिक अनिल मोहन, प्रभारी एलआईयू सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू दुर्गविजय सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देती बौद्ध महासभा।

## अम्बेडकर-गांधी की प्रतिमायें मूल स्थान पर लगायें, प्रतिमायें हटाना है अपमान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारतीय बौद्ध महासभा ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन कलेक्टेट्रट में अतिरिक्त एसडीएम मो जसीम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि संसद भवन में मूल स्थानों पर भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को पुनः स्थापित किया जाये। बौद्ध महासभा के गया प्रसाद बौद्ध, ज्ञानचन्द्र बौद्ध, दिनेश कुमार सनेही, आकाश, संजय सिंह पटेल, जाहर सिंह, भइयालाल, आलोक कुमार, मीरा भारती, मुन्नीलाल, सीएल भारती, विश्वदीप सुमन, मोहित भाई पटेल, पुष्पराज सिंह आदि ने कलेक्टेट्रट पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि दो व तीन जून को रात में डॉ बीआर अम्बेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को संसद भवन में मूल स्थान से हटाकर दूर स्थापित कर दिया है। देश के हजारों लोग बाबा साहब के जन्मदिन व निर्वाण दिवस पर प्रतिमा में फूल चढाने को जाते हैं। श्रद्धांजलि देते हैं। भारत के राष्ट्रपति प्रथम नागरिक के बतौर 14 अप्रैल को पुष्पांजलि देते हैं। प्रधानमंत्री व कैबिनेट मंत्री भी पुष्पांजलि देते हैं। इनकी प्रतिमाओं को मूल स्थान से हटाना उनके प्रति अनादर व अपमान है। भारत के संविधान के प्रति अनादर व उपेक्षा है। उन्होंने मांग किया कि संसद भवन में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमायें मूल स्थान पर तत्काल स्थापित कराई जायें।

## 20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा अजय बहादुर सिंह ने संदीप कुमार पटेल पुत्र महेश कुमार पटेल रानी तालाब रैपुरा के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अजय बहादुर सिंह व सिपाही हेमन्त आर्य शामिल रहे।

# निर्विवाद 40 वर्षों की सेवा पूरी कर तुलसीराम हुए सेवानिवृत्त

## बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** इंडियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक तुलसीराम 40 वर्षों की बैंकिंग सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। कर्मचारियों ने समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी। नवागत एलडीएम अनुराग शर्मा का भी स्वागत हुआ।


एलडीएम तुलसीराम को विदाई देते लोग।

रविवार को विदाई समारोह में तुलसीराम ने कहा कि 1984 में बैंक नौकरी की थी। 89 में बैंक अधिकारी बनकर विभिन्न शाखाओं में इलाहाबाद व लखनऊ बैंक के केंद्रीय कार्यालयों में सेवायें दी। जिले में विभिन्न शाखाओं में रहते हुए तीन वर्ष तक आरसेटी में निदेशक रहे। तीन साल से एलडीएम से सेवा निवृत्त हो रहे हैं। सफल कार्यकाल पर उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम को धन्यवाद दिया। अनुराग शर्मा ने कहा कि तुलसीराम बहुत कर्मठ मिलनसार-प्रतिभावान अधिकारी रहे हैं। शासन-प्रशासन व बैंक के बीच बेहतर तालमेल रखा है। 40 वर्ष की सेवा सफलतापूर्वक पूरी की। एलडीएम कार्यालय स्टाफ ने अंगवस्त्र समेत माल्यार्पण कर तुलसीराम को आकर्षक स्मृति चिन्ह भेंट किये। आरसेटी निदेशक ओपी वर्मा की अगुवाई में प्रशांत, मो सलीम, गौरव श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार ने फूल-मालाओं से तुलसीराम का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। समाजसेवी योगेश जैन ने कहा कि तुलसीराम योग्य-कर्मठ अधिकारी रहे हैं। समाजसेवी बीपी पटेल, वार्ड मेम्बर शंकर यादव, रामकृष्ण मौर्य, सुशील सिंह ने राम दरबार व शिव दरबार भेंट किया। इस मौके पर इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक/कर्मचारी मनोज कुमार मैनेजर, आर जनार्दन पुजारी, बादल पटेल, आरएस वर्मा, सतगुरु, अमन गुप्ता, राकेश कुमार, गौरव सिंह चंदेल, इरफान अली, रजनीश यादव, रावेद्र सिंह, सचिन गंगवार, अमित वर्मा, केशव प्रसाद, समाजसेवी शिवप्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बेमानी है मुख्यमंत्री के आदेशः पहाड़ी कस्बे में आपूर्ति बहाल न होने पर होगा आन्दोलन, एक माह से विद्युत आपूर्ति बाधित

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री के साफ आदेश हैं कि शहर हो या गांव- हर जगह चैबीस घंटे बिजली दी जाये। जिले के विकास खंड पहाड़ी स्थित पावर हाउस के अधिकारी-कर्मचारी के सामने मुख्यमंत्री के आदेश बेअसर हैं। पहाड़ी पावर हाउस में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों की उदासीनता का ये आलम है कि भीषण गर्मी में पहाड़ी ब्लाक मुख्यालय-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चैबीस घंटे छोडें, आठ घंटे बिजली नहीं मिलती। रविवार को विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जानकारी लेने पर अनगिनत बहाने बनाये जाते हैं। कहीं मेन लाइन फाल्ट, खंभा टूट गया, पावर हाउस में काम चल रहा है आदि बहाने बनाकर जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। पहाड़ी फीडर में बाबूपुर, साईपुर आदि फीडर जोड़े गये हैं। हर दस मिनट में बिजली की आवाजाही होती है। बिजली आपूर्ति न के बराबर होने से पहाड़ी के दस हजार जनता बूंद-बूंद पानी को तरसने लगी। पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही। इस बाबत विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी शिवशंकर ने जवाब नहीं दिया। कस्बा पहाड़ी के अरविंद कुमार, अनिल कुमार, राकेश सिंह, मोहम्मद यूनुस, गुड्डा भारद्वाज, कल्लू भारद्वाज, मातादीन, किशन कुमार ने बताया कि जब तक यहां तैनात कर्मचारियों का दूसरी जगह तबादला नहीं किया जायेगा, तब तक यहां की बिजली आपूर्ति ऐसे ही रहेगी। जल्द बिजली आपूर्ति बहाल न हुई तो पहाड़ी कस्बे के लोग पावर हाउस पर धरना देने को बाध्य होंगे।


कामदगिरि में स्वच्छता अभियान चलाते समिति के लोग।

## डीएम की प्रेरणा से जारी है स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की प्रेरणा से जारी स्वछता अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन में कामदगिरि स्वच्छता समिति के 120वें साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया। ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता अच्छी आदत है। जीवन की गुणवत्ता बढ़ाती है। स्वच्छता जीवन का अहम अंग है। सभी को स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए।रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। स्वच्छता केवल प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी की जिम्मेदारी है। देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि सभी स्वस्थ्य रहें। जीवन में स्वच्छता के लिए क्रांति लाने को घर-घर स्वच्छता अभियान में सहयोग करना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि सभी को स्वच्छता के आदर्श-महत्व व आवश्यकता को समझना चाहिए। दैनिक जीवन में स्वच्छता लाने को प्रयास करना चाहिए। जिला प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता से सभी को रहना चाहिए।

आज के अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वन विभाग से रसूल बख्श, दीपक, राजेश कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## अपहरण वांछित दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने अपहरण के वांछित शिवदयाल उर्फ छोटू पुत्र नन्दकिशोर कस्बा पहाड़ी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा व सिपाही संतोष कुमार शामिल रहे।

## गाजा में इजराइली हमलों में 40 फिलिस्तीनी मारे गए: स्वास्थ्य अधिकारी



**गाजाः** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में इजराइली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए. हमास द्वारा नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी. स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नवीनतम मौतों के साथ अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या बढ़कर 37,834 हो गई है, जबकि 86,858 लोग घायल हुए हैं.

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि ईंधन की कमी और इजराइली बलों तथा फिलिस्तीनी सशस्त्र गुटों के भीषण झड़पों के कारण बचाव दलों को हमलों के लक्षित क्षेत्रों तक पहुंचने में विशेष रूप से दक्षिणी गाजा के राफा शहर और पूर्वी गाजा शहर के शुजाएया इलाके में काफी बाधाओं का सामना करना पड़ा.

इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्रेई ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इजराइली सेना शुजाएया क्षेत्र में 'आतंकवादी' ठिकानों पर हमले जारी रखे हुए हैं. जमीनी और हवाई दोनों हमले जारी हैं. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटों के दौरान सेना ने झड़पों में कई तोड़फोड़ करने वालों को मार गिराया है. साथ ही सैनिकों को क्षेत्र में एक स्कूल परिसर के अंदर एक हथियार का भंडार मिला है.

एड्रेई के अनुसार राफा में इजराइली सेना ने सुरंगों सहित कई आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया. इस बीच फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात पर प्रकाश डाला कि गाजा के लाखों लोगों को आश्रय, भोजन, दवा और स्वच्छ पानी की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है. ये सीमा पर प्रतिबंधित के कारण और भी बदतर हो गई है.

पेंटागन ने शुक्रवार को घोषणा की कि गाजा के तट पर मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका द्वारा संचालित अस्थायी फ्लोटिंग सहायता घाट को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण हटा दिया गया है. यह मई के मध्य से अब तक तीसरा व्यवधान है. पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान कहा, 'घाट को अस्थायी रूप से स्थानांतरित करने से समुद्र की बढ़ती स्थिति के कारण होने वाली संभावित संरचनात्मक क्षति को रोका जा सकेगा.'

सिंह ने कहा कि यह घाट गाजा में सहायता पहुंचाने का अंतिम समाधान नहीं है, बल्कि भूमि मार्ग ही सबसे प्रभावी वितरण पद्धति है. इजराइल ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइली सीमा के माध्यम से हमास के उत्पात का जवाब देने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू किया. हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया(

## न्यूयॉर्क में मिनीवैन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**न्यूयॉर्क**। अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क में सड़क हादसे के मामले खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। अब एक मिनीवैन के नेल सैलून में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। न्यूयॉर्क की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों कहना है कि मिनीवैन शाम करीब 4:30 बजे लॉन्ग आइलैंड के डियर पार्क में नेल सैलून से टकरा गई। दुर्घटना का सही कारण अभी भी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने आगे बताया, सभी मृतक नेल

सैलून के अंदर थे। यह सभी के लिए काफी खतरनाक मंजर था। अधिकारियों ने ये भी कहा, साथ ही इससे समुदाय पर भी असर पड़ेगा। वहीं स्वयंसेवी अग्निशमन विभाग के लिए भी काफी मुश्किल परिस्थिति है, लेकिन हम इससे जल्द ही उबरेंगे। बस डियर पार्क अग्निशमन विभाग के सहायक प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज का भी इस मामले में बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, विशेष रूप से साल के इस समय में सभी अच्छी चीजें हो रही हैं, ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया और वह होश में था। फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। बता दें कि हवाई नेल एंड स्पा नामक, नेल सैलून डियर पार्क के एक शॉपिंग क्षेत्र में कई दुकानों में से एक है।

## ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने किया किशोर आतंकवादी से खतरे का खुलासा

**कैनबरा** :ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने खुलासा किया है कि उन्हें और उनके परिवार को एक किशोर आतंकवादी द्वारा धमकी दी गई थी। अनुसार, अल्बानीज ने कहा कि वह और उनका परिवार एक चरमपंथी घोषणापत्र में दी गई धमकियों में शामिल हैं, जिसमें 19 वर्षीय जॉर्डन पैटन ने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के सांसदों को मारने की अपनी मंशा को कथित तौर पर रेखांकित किया था। उन्होंने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा, ऑस्ट्रेलिया में उग्रवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। जो दस्तावेज तैयार किए गए हैं, वे बहुत चिंताजनक हैं, जिनमें न केवल लेबर सांसदों को बल्कि अन्य लोगों और मेरे परिवार को भी धमकियां दी गई हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# दोहा में कतर के पीएम से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, द्विपक्षी संबंधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा



दोहाः विदेश मंत्री एस. जयशंकर कतर के एक दिवसीय यात्रा पर रविवार को दोहा पहुंचे और वहां के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की. जयशंकर ने इस दौरान भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ-साथ आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की. विदेश मंत्री ने कतर की राजधानी दोहा पहुंचने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी से बातचीत की.

अल थानी से मुलाकात के बाद जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और दोनों देशों की जनता के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बातचीत की. क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर पर भी विचार-विमर्श किया. गाजा की स्थिति पर उनके दृष्टिकोण की सराहना करता हूं. जयशंकर ने कतर के अमीर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी दीं. जयशंकर की यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं. दोनों देशों के नेताओं व अन्य लोगों की नियमित यात्रा इसकी गवाह है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 14-15 फरवरी को कतर का दौरा किया और वहां के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ चर्चा की. मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और आम लोगों के बीच आपसी संबंधों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी.

**फरवरी में पीएम मोदी ने किया था कतर का दौरा**

इस साल की शुरूआत में अपनी दोहा यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को कतर में आठ लाख से अधिक भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए धन्यवाद दिया और कतर के साथ द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने व गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की. कतर के अमीर ने भी खाड़ी क्षेत्र में एक मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की. उन्होंने कतर के विकास में भारतीय समुदाय के योगदान और कतर में आयोजित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी की भी सराहना की.

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के बाद विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा था कि भारत-कतर द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 बिलियन डॉलर के करीब है और दोनों देशों के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में भी बहुआयामी साझेदारी है.

फरवरी में गोवा में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह के मौके पर दोनों देशों ने कतर से भारत को 2028 से 20 वर्षों के लिए 7.5 एमएमटीपीए एलएनजी की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए. मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर की यह तीसरी आधिकारिक यात्रा है. इससे पहले उन्होंने 20 जून को श्रीलंका और 23 जून को यूएई का दौरा किया था.

# फ्रांस में संसदीय चुनावों के लिए मतदान जारी, जानें कौन-कौन है रेस में? क्या लगा है दांव पर?




**पेरिसः** आज (30 जून) फ्रांस के हाल के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षणों में से एक है. यहां मतदान हो रहे हैं. बता दें कि मदतान दो चरणों में होने वाले हैं. जिसमें पहला चरण आज है जबकि दूसरा चरण 7 जुलाई को होगा.

इन चुनावों के परिणाम न केवल फ्रांस के लिए बल्कि व्यापक यूरोपीय संदर्भ में इसकी भूमिका के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं. दांव पर धूर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली का संसदीय बहुमत में संभावित उत्थान है, एक ऐसा परिदृश्य जो मरीन ले पेन की पार्टी के नेतृत्व में घरेलू नीतियों और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है.

क्यों हो रहे हैं

फ्रांस में चुनाव? फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की ओर से समय से पहले चुनाव कराने का निर्णय यूरोपीय संसद चुनावों में उनकी मध्यमार्गी पुनर्जागरण पार्टी की हार के तुरंत बाद आया. माना जा रहा है कि मैक्रों फ्रांस के राजनीतिक परिदृश्य में नियंत्रण हासिल करने की इच्छा के कारण समय से पहले चुनाव करा रहे हैं. मैक्रों ने चुनावों की घोषणा के समय कहा था कि एक नए गठबंधन की आवश्यकता है जो देश में व्याप्त 'चरमपंथी बुखार' का मुकाबला कर सके. संसदीय बहुमत हासिल करने में उनकी पार्टी की असमर्थता ने कानून पारित करने के लिए राष्ट्रपति के आदेशों का बार-बार सहारा लेना आवश्यक बना दिया है. जिससे जनता में असंतोष भड़क रहा है.

फ्रांस में चुनावी प्रक्रिया क्या है? फ्रांसीसी संसदीय चुनाव दो-चरणीय प्रणाली के तहत संचालित होते हैं, जहां उम्मीदवार नेशनल असेंबली में 577 सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं. पहले दौर में जीत हासिल करने के लिए, उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट और कम से कम 25 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करना चाहिए. ऐसा न करने पर, शीर्ष दो उम्मीदवार दूसरे दौर के लिए आगे बढ़ते हैं, जिसमें कम से कम 12.5 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं को प्राप्त करने वाले किसी भी उम्मीदवार को शामिल किया जाता है, जिससे प्रतिस्पर्धी दूसरा दौर सुनिश्चित होता है.

ऐतिहासिक रूप से चरम राजनीतिक प्रभावों को रोकने के लिए डिजाइन की गई इस प्रणाली को अब आरएन की बढ़ती मुख्यधारा की स्वीकृति के साथ एक महत्वपूर्ण परीक्षण का सामना करना पड़ रहा है, जिसके पास वर्तमान में संसद में 88 सीटें हैं, लेकिन वह अपने प्रभाव को काफी हद तक बढ़ाना चाहता है.

फ्रांसीसी चुनावों में प्रमुख खिलाड़ी कौन हैं? मैक्रों की पुनर्जागरण, 170 से अधिक सांसदों के साथ वर्तमान विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी, एक मध्यमार्गी, यूरोपीय समर्थक रुख की वकालत करती है, लेकिन विवादास्पद सुधारों के बीच जनता की स्वीकृति में कमी आई है. 19 प्रतिशत मतदान के साथ, बदलते गठबंधनों और मतदाता भावना के बीच इसकी चुनावी संभावनाएं अनिश्चित हैं.

# ईरान राष्ट्रपति चुनाव: किसी को नहीं मिला बहुमत, फिर से होंगे मतदान



**तेहरानः** ईरान के आकस्मिक राष्ट्रपति चुनाव में अगले सप्ताह पुनर्मतदान होना तय है, क्योंकि सुधारवादी समर्थित मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली को सर्वाधिक मत मिले हैं. हालांकि, दोनों बहुमत हासिल करने में असफल रहे. कहा जा रहा है कि यह दूसरी बार है जब ईरान में रिकॉर्ड लो वोटिंग हुई.

आंतरिक मंत्रालय के अनुसार 6.1 करोड़ से अधिक योग्य ईरानियों में से केवल 40 प्रतिशत ने ही मतदान किया. ये देश की 1979 की क्रांति के बाद से राष्ट्रपति चुनावों में एक नया निम्नतम स्तर है. मंत्रालय के चुनाव मुख्यालय से प्राप्त अंतिम आंकड़ों से पता चला है कि पेजेशकियन ने कुल 2 करोड़ 45 लाख से अधिक मतों में से 1 करोड़ 4 लाख से अधिक मत प्राप्त किए. वहीं, पूर्व परमाणु वातार्कार सईद जलीली से 94 लाख मतों के साथ पीछे रहे. अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार 1979 की क्रांति के बाद से यह दूसरी बार है जब राष्ट्रपति चुनाव हुए हैं. संसद के कंजर्वेटिव स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ को करीब 33 लाख वोट मिले. इसी तरह रूढ़िवादी इस्लामी नेता मुस्तफा पूरमोहम्मदी को 206,397 वोट मिले और इसलिए वे दौड़ से बाहर हो गए. दो अन्य उम्मीदवार, तेहरान के मेयर अलीरेजा जकानी और सरकारी अधिकारी अमीर-होसैन गाजीजादेह हाशमी ने अपना नाम वापस ले लिया. इस बीच गालिबफ, जकानी और गाजीजादेह ने अपने समर्थकों से 'क्रांतिकारी मोर्चे' की जीत सुनिश्चित करने के लिए अगले शुक्रवार को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में जलीली को वोट देने का आह्वान किया. 19 मई को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दल्लाहियन सहित सात अन्य की मौत के 50 दिन के निर्धारित समय सीमा के भीतर शुक्रवार को नए राष्ट्रपति के चयन के लिए कानूनी रूप से अचानक चुनाव हुआ. शुक्रवार को हुए चुनाव में कम मतदान हुआ जैसा कि पिछले चार वर्षों में सभी प्रमुख चुनावों में हुआ है, लेकिन अंतिम आंकड़ा सर्वेक्षणों द्वारा अनुमानित 45-53 प्रतिशत से बहुत कम था. रिपोर्ट के अनुसार रईसी को ईरान के चार दशक से अधिक के इतिहास में सबसे कम 48.8 प्रतिशत मतदान के साथ राष्ट्रपति चुने गये थे. मार्च और मई में हुए संसदीय चुनावों में ईरान की 1979 की क्रांति के बाद से किसी भी प्रमुख चुनाव की तुलना में सबसे कम मतदान हुआ जो 41 प्रतिशत से थोड़ा कम था. सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के वरिष्ठ सदस्य जलीली ने मुद्रास्फीति को एकल अंक तक कम करने और आर्थिक विकास को प्रभावशाली 8 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प लिया है. साथ ही भ्रष्टाचार और अक्षमता का मुकाबला भी किया है. उन्होंने पश्चिम और उसके समर्थकों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की सिफारिश की है. पेजेशकियन उन छह व्यक्तियों में से एकमात्र उदारवादी थे जिन्हें गार्जियन काउंसिल द्वारा चुनाव लड़ने के लिए अधिकृत किया गया था. गार्जियन काउंसिल एक संवैधानिक प्राधिकरण है जो सभी उम्मीदवारों की जांच करता है. उनके समर्थकों ने उन्हें चमत्कार करने वाले के रूप में नहीं, बल्कि एक संभावित राष्ट्रपति के रूप में चित्रित किया है जो शायद चीजों को कुछ हद तक बेहतर बना सकते हैं. वहीं उनका मानना ??है कि जलीली की जीत एक बड़ा झटका होगी. हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जलीली का नाम 2000 के दशक के अंत और 2010 के दशक की शुरूआत में वर्षों तक चली परमाणु चचाओं से जुड़ा है, जिसके कारण अंततः वैश्विक मंच पर ईरान अलग-थलग पड़ गया.

## नेपाल का सत्तारूढ़ गठबन्धन टूट के कगार पर, ओली-देउवा की मुलाकात से राजनीति तरंगित

**काठमांडू**। नेपाल का सत्तारूढ़ गठबन्धन टूट के कगार पर पहुंच गया है। सत्तापक्ष के नेताओं के बीच बढ़ती दूरी और विपक्षी दल के साथ बढ़ती नजदीकी इस बात का प्रमाण है।

सत्तापक्ष के सबसे बडे. दल नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के बीच हुई मुलाकात ने नेपाल की राजनीति में भूचाल ला दिया है। सत्तारूढ़ गठबन्धन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित केपी शर्मा ओली ने बहिष्कार कर दिया जबकि इसी कार्यक्रम में सहभागी होने के लिए प्रचण्ड अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को बीच में छोड़कर चितवन से काठमांडू लौट आए। सत्तापक्ष के बाकी नेता भी उस कार्यक्रम में सहभागी हुए लेकिन ओली इस कार्यक्रम से नदारद रहे।

दरअसल, जिस समय सत्ता पक्ष का यह कार्यक्रम चल रहा था उसी समय ओली अपने निवास पर प्रमुख प्रतिपक्षी नेता देउवा के साथ तीन घंटे तक बैठक की। अपने सांसद पत्नी आरजू राणा को लेकर ओली से मिलने पहुंचे देउवा ने ओली के समक्ष प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव रखा। इस बैठक के बारे में नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने बताया कि बदलती हुई राजनीतिक परिस्थिति में दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात राजनीतिक स्थिरता को लेकर है। उन्होंने यह भी बताया कि देउवा के प्रस्ताव पर ओली सकारात्मक दिखे।

ओली और देउवा की मुलाकात के बाद सत्ता गठबन्धन में खलबली मच गई है। पीएम पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने तुरन्त ओली को बुलावा भेजा एवं मुलाकात को लेकर जिज्ञासा व्यक्त की। बताया जाता है कि ओली ने प्रचण्ड को मार्ग प्रशस्त करने के लिए अल्टिमेटम दिया है। एमाले के सांसद गोकुल बास्कोटा ने कहा कि अब माओवादी के साथ आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा है, इसलिए दोनों प्रमुख दलों को मिलकर देश में राजनैतिक स्थिरता कायम करनी चाहिए।

## नेपाल के गांवों में भूस्खलन से एक पूरे परिवार सहित कम से कम 9 लोगों की मौत -



**काठमांडूः** नेपाल में भारी बारिश के चलते पहाड़ी जिलों में भूस्खलन की घटना सामने आई है. अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पहाड़ी जिलों में सो रहे एक पूरे परिवार सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई.

नेपाल के राष्ट्रीय आपदा बचाव और न्यूनीकरण प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी काठमांडू से लगभग 250 किलोमीटर (156 मील) पश्चिम में देश के पहाड़ी क्षेत्र में तीन अलग-अलग इलाकों में भूस्खलन के कारण घर जमींदोज हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुल्मी जिले के मलिका गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की उस समय मौत हो गई, जब उनका घर भूस्खलन की चपेट में आ गया. बताया जा रहा है कि इन पीड़ितों में एक दंपति, उनकी बहू और 8 महीने की बच्ची सहित दो पोते शामिल हैं.

इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी बागलुंग जिले में दो और स्यांगजा जिले में भूस्खलन के चलते दो लोगों की मौत हो गई. गौरतलब है कि नेपाल में भारी बारिश लाने वाला मानसून सीजन इस महीने की शुरूआत में शुरू हुआ.

इस मानसून सीजन के कारण आमतौर पर इस हिमालयी देश के अधिकांश हिस्से में पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन होता है, जिससे सितंबर तक मौतें और नुकसान होता रहता है. बीते साल भी बारिश के चलते पूरे सीजन में कई जिलों में भूस्खलन हुए थे, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था.

## धोखाधड़ी के आरोप में 3,350 लोग गिरफ्तार

**बीजिंग**। चीन में पुलिस ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों को मदद करने के आरोप में राष्ट्रव्यापी अभियान तहत 3,350 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 106 आपराधिक गिरोहों के संदिग्धों ने कथित रूप से फर्जी वेबसाइट के पते, क्यूआर कोड और अश्लील जानकारी वाले कार्ड छपवाये और पीड़ितों को धोखाधड़ी की योजनाओं में लुभाने के लिए उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर पोस्ट

किया। बयान में कहा गया कि इस अभियान ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों की उभरती समस्या का जवाब दिया है, जो झूठी जानकारी प्रदान करने और पीड़ितों को ऑफलाइन लुभाने के लिए सहायक उपकरण किराए पर ले रहे हैं। इस तरह की आपराधिक गतिविधियां ऑनलाइन की जाती थीं, लेकिन साइबर स्पेस में पुलिस की कार्रवाई से प्रभावी रूप से उन पर अंकुश लगाया गया। मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार धोखाधड़ी सहित लोगों की सुरक्षा की भावना को कमजोर करने वाली गतिविधियों पर नकेल कसने का राष्ट्रव्यापी अभियान जारी रहेगा।

## चीन में भारी बारिश के लिये ईरान में रेड अलर्ट जारी

**बीजिंग**। चीन में भारी वर्षा के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कुछ बारिश प्रभावित इलाकों में होने वाली भूवैज्ञानिक आपदाओं के बारे में भी चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अनहुई, जियांग्स, हुबेई, हुनान, जियांग्शी और गुइझोउ प्रांतों के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में अगले 24 घंटों के भीतर रविवार दो बजे तक 280 मिलीमीटर तक भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। राष्ट्रीय वेधशाला ने बीजिंग, हेबेई, इनर मंगोलिया, हुबेई, अनहुई और जियांग्स सहित कई क्षेत्रों के लिए सबसे निचले स्तर का ब्लू अलर्ट भी जारी किया है।

यहां गरज और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि का अनुमान जताया गया है। देश के शीर्ष मौसम विज्ञान प्राधिकरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने शनिवार और रविवार को अनहुई तथा हुबेई के कुछ क्षेत्रों में भूगर्भीय आपदाओं की चेतावनी दी।